हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

ॐ

In loving memory of



# Mohan Lal Mittal

24 October 1926 — 15 January 2026

Husband of the late Geeta Devi Mittal

Lakshmi Niwas and Usha Mittal
Seema and Sri Prakash Lohia
Saroj and Santosh Rateria
Pramod and Sangeeta Mittal
Vinod and Archana Mittal

Amit-Aarti, Aditya-Megha, Shruti-Vikram,
Vanisha-Amit, Saurabh-Neha, Sneha-Aditya,
Natasha-Varun, Vartika-Utsav, Atulya-Isheta,
Shristi-Raj, and Divyesh-Jake

Aria, Sanaya, Riyana, Eshana, Armaan,
Sohum, Siaara, Suhana, Rayaan, Yuveer, Ruhan,
Ahaan, Aaryav, Trigya, Shorya, Aryaman,
Jaiveer, Miraya, Anegita, Auhrim, Eka, and Vishwa


हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा
जय श्री श्याम
प्रमोद तिवारी
(मुंबई)
रायपुर में पहली बार
रजनी राजस्थानी जी
जयपुर
राजू महराज 'पागल'
भजन गायक, रायपुर
विनय अग्रवाल
भजन गायक, रायपुर
धर्मवीर, समाजसेवक
श्री बसंत अग्रवाल जी के
जन्मदिन पर विशेष
श्री राम जानकी प्राण-प्रतिष्ठा
वार्षिक महोत्सव
श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट, गुढ़ियारी
के शुभ अवसर पर
श्री श्याम बाबा महोत्सव
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष
राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
दिनांक - 19 जनवरी 2026
विशाल भंडारा भोजन प्रसादी
शाम 5 बजे से...
भजन संध्या 06 बजे हरि इच्छा तक
आयोजक - करने वाले बालाजी, कराने वाले बालाजी
स्थान - मारुति मंगलम भवन, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
विनीत:- सनातनी सेना एवं समस्त मित्र मंडल

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026







पानी, बिजली, सड़क, अस्पताल और न जाने कितनी सुविधाओं का हवाला देकर आदर्श ग्राम की परिकल्पना की, गांव गोद लिए गए, बोर्ड लग गए, कहीं कहीं काम भी शुरू हुए, पर रिजल्ट शून्य। आज धरातल पर कुछ नजर नहीं आ रहा। आधे-अधूरे कामों ने ज्यादातर गांवों की दुर्गति कर रखी है। कुछ ही गांव हैं, जहां सुविधाएं पहुंची। कुछ गांवों में तो सिर्फ बोर्ड ही लगा है। हरिभूमि ने कुछ ऐसे ही चुनिंदा गांवों के हालात देखे जो सिर्फ कागजों पर ही आदर्श बने हुए हैं।

### प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत रायपुर जिले में चयनित 43 ग्रामों को फंड जारी नहीं होने से अटके विकास कार्य

### वर्ष 2009 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी योजना शुरू अक्टूबर 2014 को लागू

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना वित्तीय वर्ष 2009-10 में पायलट आधार पर शुरू की गई थी, जिसका लक्ष्य अनुसूचित जाति बहुल गांवों का एकीकृत विकास करना है, लेकिन बाद में इसे सांसद आदर्श ग्राम योजना (एसएजीवाय) से अलग रखा गया है। इस तरह 11 अक्टूबर 2014 को इस योजना की मुख्य रूप से शुरुआत हुई।

### फंड जारी नहीं होने से 43 गांव नहीं बन पाए आदर्श ग्राम

इस योजना के तहत रायपुर जिले में वर्ष 2014 से वर्ष 2021 तक कुल 68 ग्रामों को शामिल किया गया था। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2022-23 में 35 अन्य ग्रामों का चयन आदर्श ग्राम बनाने के लिए किया। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी 6 ग्रामों का चयन हुआ है। इस तरह जिले में कुल 109 ग्रामों का चयन हुआ है, जिनमें से 66 ग्रामों को योजना के तहत फंड जारी कर उन्हें आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया है।


काशीगढ़, जांजगीर चांपा

# कागजों में आदर्श...सिर्फ नाम सुना, देखा नहीं


मुजगहन ग्राम की स्थिति

### ये ग्राम अब तक नहीं बन पाए आदर्श ग्राम

आरंग ब्लॉक अंतर्गत 15 गांव शामिल बोड़रा, कुहेरा, सेंध, खुटेरी, पचेड़ा, रीको, चकवे, छतौना, कठिया-1, नवागांव-1, जुगेसर, कोटनी, धनसुली, अकोलीखुर्द, नरियारा शामिल है। अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत 9 ग्राम शामिल हैं, जिनमें मुड़पार अलाइस भेवाडीह, खंडवा, उमरपोटी, तर्रा-2, कठिया-2, लमकेनी, पचेड़ा-2, नायकबांधा एवं सिंगारभाठा शामिल है। धरसींवा ब्लॉक में 14 गांवों को शामिल किया है। इनमें कुथरेल, पिरदा, कन्हेरा, दोंदेखुर्द, दोंदेकला, संकरी-3, खपरीडीह, पचरी, नवागांव, चिचोली, सोनतरा, भरुवाडीह, गैतरा एवं मोतीपुरकला शामिल है। इसके अलावा रायपुर ग्रामीण में मुजगहन एवं सेजबहार तथा बलौदाबाजार अंतर्गत केवतरा गांव इस सूची में शामिल है।

रायपुर-लक्ष्मण लेखवानी /बिलासपुर-विकास चौबे/ बैकुंठपुर-प्रविन्द सिंह/ जांजगीर-चांपा-शशांक दुबे/ रायगढ़-स्वतंत्र महंत की रिपोर्ट

हरिभूमि लाइव

बात रायपुर जिले से। यहां प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाय) के तहत अनुसूचित जाति (एससी) बहुल क्षेत्र वाले ग्रामों में सड़क संपर्क, दूरसंचार, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, पेयजल, जल निकासी और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाएं देकर उन्हें आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना था। इस योजना के तहत ⏩|शेष पेज 5 पर

### फंड आया है, जारी किया जाएगा

*वित्तीय वर्ष 2022-23 में रायपुर जिले के स्वीकृत ग्रामों के लिए 1.92 करोड़ रुपए फंड आया है। इस फंड को जारी किया जाएगा। वर्ष 2025 में स्वीकृत 6 नए ग्रामों का वीडीपी तैयार किया जा रहा है।*

*- शरद शुक्ला, जिला अधिकारी, आदिवासी विकास विभाग रायपुर*

## आदर्श ग्राम बना सपना, कई गांव के सरपंचों ने हरिभूमि से बातचीत में कही बात

**केस 1**

मुजगहन की सरपंच उषा राकेश टंडन ने बताया कि उनके क्षेत्र के विधायक के अनुमोदन पर उनके गांव को वर्ष 2022 में आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने सूची में शामिल किया था, लेकिन इस योजना के तहत एक रूपए भी गांव को नहीं मिला है। उनके गांव में पानी की विकराल समस्या बनी हुई है, सड़क जर्जर, नाली की कमी, तालाब का पानी गंदा हो गया है। फंड नहीं आने से ये सभी विकास कार्य हो नहीं पा रहे हैं।

**केस 2**

ग्राम खंडवा अभनपुर के सरपंच जगदीश भारती ने बताया कि आदर्श ग्राम के रूप में उनका गांव भी चयन हुआ है। वर्ष 2024 में इस योजना के तहत क्या-क्या कार्य कराए जाने है। इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था, लेकिन त्रुटि होने के कारण दो बार उनके प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी गई। उनके गांव में नाली, सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है।





### कागजों में ही मस्तूरी क्षेत्र का वेद परसदा गांव आदर्श के रूप में शोभा बढ़ा रहा

### 25 साल बाद भी पगडंडियों पर चलने की मजबूरी



पूर्व सांसद व डिप्टी सीएम अरुण साव ने अपने कार्यकाल के दौरान संसदीय क्षेत्र के चार गांव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने गोद लिया था। इसमें तखतपुर विधानसभा से ग्राम छतौना, कोटा विधानसभा से ग्राम अमने, बेलतरा विधानसभा से ग्राम मदनपुर और मस्तूरी विधानसभा से ग्राम वेद परसदा शामिल हैं। मदनपुर को अपवाद स्वरूप छोड़ दें तो चार में से तीन आदर्श ग्राम की स्थिति वैसे ही है ⏩|शेष पेज 5 पर

**जांजगीर चांपा**

**सिर्फ नाम का है सांसद गोद ग्राम, काशीगढ़ में पानी, सड़क,शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याएं यथावत:**

अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में सांसद द्वारा गोद लिए गए ग्राम काशीगढ़ सिर्फ नाम का सांसद गांव है। यहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल संकट जैसी समस्याएं अभी भी यथावत हैं। ग्रामीणों की माने तो शासन की योजना ⏩|शेष पेज 5 पर

**घरघोड़ा ब्लॉक का भेंड्रा ग्राम पंचायत**

### ये है भेंड्रा सांसद आदर्श ग्राम पर पीने के पानी के लिए पूरे गांव कर रहा त्राहिमाम

कहने को तो घरघोड़ा ब्लॉक का भेंड्रा ग्राम पंचायत सांसद आदर्श ग्राम है, सुनने में अच्छा लगता है। मन में आदर्श गांव की छवि झलकती है, जहां साफ-सुथरी सड़कें, साफ नालियां, पीने के लिए स्वच्छ जल और 24 घंटे रोशनी से जगमगाता गांव, लेकिन हकीकत में जब आप उस गांव में पहुंचते हैं तो यह केवल खुली आंखों से देखा ख्वाब जैसे ही लगेगा। वजह न तो वहां साफ-सुथरी सड़कें हैं, न नाली और न ही पीने का ⏩|शेष पेज 5 पर

**कोरिया जिले के ग्राम खड़गवां**

### वर्षों बाद भी नहीं बदली सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां की तस्वीर

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत अविभाजित कोरिया जिले के ग्राम खड़गवां को सांसद आदर्श ग्राम के रुप में चयनित किया गया था। वर्षों बीत जाने के बावजूद गांव की सूरत नहीं बदली। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम खड़गवां केवल कागजों में ही आदर्श ग्राम है, जबकि जमीनी हकीकत में गांव की ⏩|शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### कार ने 13 मजदूरों को रौंदा, पांच की मौत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में रविवार दोपहर तेज रफ्तार एक कार ने सड़क निर्माण कार्य में लगे 13 मजदूरों को कुचल दिया, जिनमें से दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आठ घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है और इनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

### 61.2 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद, दो गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर कस्बे में करीब 61.2 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया। इस मामले में पंजाब के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अलसू चौक पर एक जांच चौकी स्थापित की थी। जांच के दौरान एक वाहन को रोका गया, जिसमें प्रतिबंधित पदार्थ मिला।

### पूर्व मंत्री और भाजपा नेता राज पुरोहित का निधन

**मुंबई।** भाजपा के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राज के. पुरोहित का बीमारी के कारण रविवार को 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह मुंबई में उत्तर भारतीय समुदायों के मुद्दों को जोर-शोर से उठाने के लिए जाने जाते थे।शनिवार को मुंबई के एक निजी अस्पताल में पुरोहित ने अंतिम सांस ली।

# छह माओवादी कैडरों के शव बरामद, चार नक्सलियों की हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏩| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप


अंतिम सांसें गिन रहा लाल आतंक, मुठभेड़ में मारे गए शीर्ष माओवादी समेत चार नक्सली

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 महिला सहित 6 माओवादी कैडरों के शव बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से एके-47, इनसास, कार्बाइन एवं .303 राइफल सहित कुल 6 ग्रेडेड हथियार बरामद किए गए हैं। आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि नेशनल पार्क क्षेत्र में 17 जनवरी से जारी सर्च ऑपरेशन में आज भी क्षेत्र में कई बार मुठभेड़ हुई।

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पट्टिलिंगम ने कहा कि डीआरजी, कोबरा, एसटीएफ एवं स्थानीय पुलिस बल तथा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान बस्तर में शांति, सुरक्षा और जनकल्याण सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने बताया बीजापुर मुठभेड़ के दौरान अब तक की कार्यवाही में 6 माओवादी कैडरों के शव, जिनमें चार महिला नक्सली कैडर शामिल हैं। उनके पास से 2 एके-47 राइफल, 1 इनसास राइफल, दो ⏩|शेष पेज 5 पर

### *4 नक्सलियों पर था 20 लाख का ईनाम*

*डीवीसीएम दिलीप बेड़जा पर 8 लाख रुपए, एसीएम माड़वी कोसा पर 5 लाख रुपए, एसीएम पाली पोड़ियम पर 5 लाख रुपए और पीएम जुगलो बंजाम पर 2 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।*

### चार की शिनाख्त, दो की पहचान की जा रही

नेशनल पार्क एरिया कमेटी के कुख्यात माओवादी कैडर्स डीवीसीएम दिलीप बेड़जा, एसीएम माड़वी कोसा, एसीएम लक्खी मड़काम तथा पीएम राधा मेट्टा के रूप में चिन्हित किए गए हैं। मुठभेड़ में मारे गए 2 अन्य माओवादियों की पहचान की कार्यवाही जारी है।

**धमकी निकली अफवाह**

# नेपकिन पर लिखा था फ्लाइट में है बम...

**नई दिल्ली।** दिल्ली से बागडोगरा जा रहे विमान में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया है। प्लेन में ही सवार एक यात्री को बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी मिली मिली थी। इस नैपकिन पर लिखा गया था कि प्लेन में बम है। इसके बाद ही अधिकारी हरकत में आए। सूचना मिलने के तुरंत बाद ही विमान को लखनऊ में इमरजेंसी लैंड कराया गया।

### संदिग्ध कुछ भी नहीं मिला

लखनऊ में लैंडिंग के बाद यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर बैठाया गया। अधिकारियों की मानें तो कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जल्द ही झूठी सूचना देने वाले को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


# टी-20 में दलालों का दांव पड़ा उल्टा, मुनाफा तो छोड़िए ...दे रहे डिस्काउंट का ऑफर

ललित राठोड़ ⏩| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 23 जनवरी को होने वाले भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैच का क्रेज इस बार दर्शकों के सिर से उतर चुका है। पिछले वनडे मैच और इस टी-20 मैच के हालात में जमीन-आसमान का अंतर है। पिछली बार महज 15 मिनट में 48 हजार टिकट सोल्ड आउट ⏩|शेष पेज 5 पर



### चार दिन बाद भी हाउसफुल नहीं

टी-20 मैच के लिए टिकटों की बुकिंग 15 जनवरी से शुरू हुई थी। बुकिंग शुरू होने के चार दिन बाद भी आधिकारिक वेबसाइट **ticketgenie.in** पर 2000 से 3500 रुपए तक में टिकट आसानी से उपलब्ध हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक करीब ⏩|शेष पेज 5 पर

### *फिजिकल टिकट का लालच और डिस्काउंट भी बेअसर*

*भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले के लिए करीब 50 हजार टिकट ऑनलाइन बेचे गए हैं। दलालों ने मुनाफे की उम्मीद में बुकिंग शुरू होते ही थोक में टिकट खरीद लिए, लेकिन अब जब दर्शकों का रुझान कम देखा तो मैच से पांच दिन पहले ही दलालों ने सरेंडर कर दिया है। हरिभूमि से बातचीत के दौरान* ⏩|शेष पेज 5 पर

## कुछ के प्रमाण पत्र नकली सिद्ध हुए, मामला सुप्रीम कोर्ट में

**राज्य में फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी पाने के 153 मामले सामने आए**

# आरएईओ के पद पर सीधी भर्ती, 14 दिव्यांग सलेक्ट पर प्रमाणपत्रों की जांच से पहले 13 गायब

हरिभूमि न्यूज ⏩| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर खुद को बहरा बताकर नौकरी पाने वालों पर शिकंजा कसने के बाद अब ये लोग जान बचाने जांच-पड़ताल के पहले ही डरकर इधर-उधर होने लगे हैं। ताजा मामला कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी यानी आरईएओ के 14 पदों पर भर्ती का है। व्यापमं की परीक्षा पास कर नौकरी पाए ऐसे लोगों को जब मूल प्रमाण पत्रों की जांच के लिए बुलाया गया तो इनमें से 13 गायब ही हो गए।

**ये है मामला**

राज्य सरकार के संचालनालय कृषि ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के 321 पदों पर सीधी भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा पास करने वालों में से 14 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। ये सभी श्रवण बाधित श्रेणी (बहरे) के थे, लेकिन इनमें ⏩|शेष पेज 5 पर

### ये हो सकते हैं फर्जी

छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चंद्राकर ने इस मामले में कहा है, हमें इस बार पूरी आशंका है कि ये मूल प्रमाण पत्रों की जांच से भागे 13 अभ्यर्थी फर्जी प्रमाण पत्र धारी हो सकते हैं, लेकिन ये केवल 13 ही नहीं हैं, प्रदेश में अब तक 153 मामले सामने आ चुके हैं और हम इन फर्जी प्रमाण पत्र धारियों के खिलाफ सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ रहे हैं।

### आशंका इसलिए

मूल प्रमाण पत्रों की जांच से गायब होने वालों को फर्जी प्रमाण पत्र धारी के रूप में देखे जाने के पीछे दरअसल आशंका की वजह ये है कि राज्य में अब तक 153 लोगों के नाम फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने के मामले में सामने आ चुके हैं। जो लोग पकड़ में आए हैं, वे सुप्रीम कोर्ट की शरण में पहुंचे हैं। दूसरी तरफ राज्य में इस प्रकार के फर्जियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

*राउरकेला से अयोध्या के लिए रवाना हुआ 286 किलो वजनी श्री राम स्वर्ण धनुष इन दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। सोना, चांदी और पंचधातु से बना यह भव्य धनुष सिर्फ एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि सनातन धर्म की एकता और श्रद्धा का संदेश भी है। जैसे ही यह स्वर्ण धनुष राउरकेला की सड़कों से निकला, "जय श्री राम" और "जय जगन्नाथ" के नारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। हजारों राम भक्तों ने इस ऐतिहासिक यात्रा का स्वागत किया।*

हनुमान बटिका से शुरू हुई यह यात्रा, 286 किलोग्राम वजनी, पंचधातु और सोने से निर्मित

# राउरकेला से अयोध्या रवाना हुआ 286 किलो स्वर्ण धनुष, 22 को होगा रामलला को समर्पित

एजेंसी ▶▶| राउरकेला

सनातन जागरण मंच के नेतृत्व में शुरू हुई यह यात्रा "श्री राम शरणम, सब कुछ छोड़कर, सनातनियों को एकजुट करना" के संकल्प के साथ निकली है। आयोजकों का कहना है कि यह स्वर्ण धनुष भगवान राम के प्रति श्रद्धा के साथ-साथ सनातन धर्म के मूल आदर्शों-एकता, त्याग और समर्पण का प्रतीक है।

### 40 मजदूरों ने 8 महीने में बनाया श्रीराम स्वर्ण धनुष

यह श्री राम स्वर्ण धनुष तमिलनाडु के कांचीपुरम में 40 कुशल कारीगरों द्वारा लगभग 8 महीने की मेहनत से तैयार किया गया है। यह धनुष पंचधातु सोना, चांदी, जस्ता, लोहा और एल्यूमीनियम से बना है। इसकी लंबाई करीब 8 फीट, ऊंचाई 3 फीट और कुल वज़न 286 किलोग्राम है।



### धनुष की पूजा-अर्चना करने उमड़ रही भीड़

*स्वर्ण धनुष के प्रस्थान अवसर पर संबलपुरी नृत्य, भगवान राम के रूप में सजे एक बच्चे की प्रस्तुति और भजन-कीर्तन ने माहौल को भावुक बना दिया। सजे हुए ट्रेलर वाहन पर रखे धनुष को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालु फूल बरसा रहे हैं और दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं।*

### अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 10 लाख

इसमें लगभग 986 ग्राम सोना और 2.5 किलोग्राम चांदी का उपयोग किया गया है। इसकी अनुमानित लागत 1.10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। राउरकेला से अयोध्या तक निकली श्री राम स्वर्ण धनुष यात्रा ने सनातन धर्म से जुड़े लाखों श्रद्धालुओं की भावनाओं को छू लिया है। यह पंचधातु धनुष न सिर्फ आस्था, बल्कि एकता और समर्पण का प्रतीक बन गया है। इन जिलों से होकर गुजरेगी धनुष यात्रायह यात्रा ओडिशा के कई जिलों सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, संबलपुर, बौध, बरगढ़, बोलांगीर, कालाहांडी, कोरापुट, रायगड़ा, ब्रह्मपुर, कटक, भुवनेश्वर समेत अनेक क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। 19 जनवरी को यह श्री जगन्नाथ धाम पुरी और 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचने वाली है। गौरतलब है कि सनातन जागरण मंच इससे पहले विशाल दीपक और विशाल लड्डू जैसे आयोजनों को लेकर भी सुर्खियों में रहा है। अब श्री राम स्वर्ण धनुष यात्रा ने एक बार फिर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

## खबर संक्षेप

### शराबी बैठा पटरी पर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रोका




**भुवनेश्वर।** रंगापानी–नागरकोइल अमृत भारत एक्सप्रेस को रविवार को उस समय कुछ देर के लिए रोका गया, जब यह ट्रेन स्थानीय स्टेशन में प्रवेश कर रही थी और नशे में धुत एक व्यक्ति पटरी पर बैठ गया। अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्मीसागर इलाके के निवासी पी. अप्पन्ना राव (38) लोको पायलट द्वारा बार-बार हॉर्न बजाए जाने के बावजूद ट्रैक से हटने से नहीं हटा।

### मासूम से दुष्कर्म, हत्या दोषी को उम्रकैद की सजा



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले की एक विशेष अदालत ने पांच वर्षीय बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे उम्र कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने रविवार को बताया कि विशेष पॉक्सो अदालत के न्यायाधीश नीरज गौतम ने दोषी महाजन पर शनिवार को 1.30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने कहा कि जुर्माने की राशि में से एक लाख रुपये मृत बच्ची के पिता को दिए जाएंगे। बच्ची की आठ अप्रैल 2019 को मुरादनगर थाना क्षेत्र में बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी।

### किश्तवाड़ में मुठभेड़, एक आतंकवादी मारा गया



**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर वन क्षेत्र में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ छिड़ गयी। इस मौके पर एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि चतरू क्षेत्र में मन्द्रल-सिंघूरा के पास सोननार गांव में पूर्वाह्न के समय घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान गोलीबारी शुरू हो गयी। एक तलाशी दल का सामना दो- तीन विदेशी आतंकवादियों से हुआ, जो कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद से संबंधित थे।

इन मौतों के लिए आतंकवादी और हथियारबंद उपद्रवियों को ठहराया जिम्मेदार

# खामेनेई सरकार ने माना प्रदर्शन में 500 सुरक्षा कर्मियों सहित 5000 लोग मारे गए

एजेंसी ▶▶| तेल अबीब

ईरान में हाल के विरोध-प्रदर्शनों को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। एक ईरानी अफसर ने रविवार को कहा कि सरकार ने अब तक कम से कम 5 हजार मौतों की पुष्टि कर ली है। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि इन मौतों के लिए आतंकवादी और हथियारबंद उपद्रवी जिम्मेदार हैं, जिन्होंने कई निर्दोष ईरानी नागरिकों को मार डाला। सुरक्षा कारणों से नाम न बताने वाले इस अधिकारी ने बताया कि सबसे ज्यादा हिंसा और मौतें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं। यह इलाका पहले भी अशांति के लिए जाना जाता रहा है, जहां कुर्द अलगाववादी समूह सक्रिय हैं। बीते वर्षों में जब-जब बड़े प्रदर्शन हुए, वहां झड़पें सबसे ज्यादा हिंसक रही हैं।



### इजरायल व आतंकी समूहों का मिला समर्थन

ईरानी अफसर ने आरोप लगाया कि सड़कों पर उतरने वाले लोगों को इजराइल और विदेशों में मौजूद हथियारबंद समूहों का समर्थन और हथियार मिले थे। ईरान सरकार अक्सर देश में होने वाली अशांति के लिए विदेशी ताकतों को जिम्मेदार ठहराती रही है। ईरान का कहना है कि उसका कट्टर दुश्मन इजराइल इस तरह की गतिविधियों के पीछे है। पिछले साल जून महीने में इजराइल ने ईरान पर सैन्य हमले भी किए थे।

### क्या कह रहीं हैं मानवाधिकार संस्थाएं

दूसरी तरफ अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन ने शनिवार को कहा कि उसके अनुसार अब तक 3,308 लोगों की मौत हुई है। 4,382 मामलों की अभी जांच चल रही है। संगठन का दावा है कि प्रदर्शनों के दौरान 24,000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं नॉर्वे स्थित ईरानी कुर्द मानवाधिकार संगठन हेंगाव ने बताया कि दिसंबर के आखिर में शुरू हुए प्रदर्शनों के दौरान सबसे ज्यादा और सबसे हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम के कुर्द इलाकों में ही हुई थीं।

### विदेशी एजेंसियां सक्रिय रहीं : ईरान का आरोप

ईरान में हुई हिंसा के लिए तेहरान विदेशी साजिश का आरोप लगा रहा है। ईरानी नेतृत्व का कहना है कि विरोध प्रदर्शन स्वतःस्फूर्त नहीं थे। सर्वोच्च नेता खामेनेई ने अमेरिका और इस्राइल पर अशांति भड़काने का आरोप लगाया। सरकार के मुताबिक बाहरी ताकतों ने देश के अंदर मौजूद असंतोष का फायदा उठाया। तेहरान का दावा है कि हालात बिगाड़ने के लिए विदेशी एजेंसियां सक्रिय रहीं।

### 1979 की क्रांति के बाद सबसे घातक उथल-पुथल

ईरानी अधिकारियों के अनुसार, यह हिंसा 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे घातक मानी जा रही है। तब से अब तक देश ने कई बार विरोध प्रदर्शन देखे हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में मौतें पहले कभी नहीं हुईं। प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने की बात कही है।

### कड़े कदम और बढ़ी निगरानी

सरकार ने साफ किया है कि देश में शांति बहाल करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है ताकि हालात और न बिगड़ें।

### हिंसक प्रदर्शन से कितना नुकसान हुआ?

ईरान में 19 दिन तक चले विरोध-प्रदर्शन के बाद अब हालात शांत बताए जा रहे हैं। हिंसक प्रदर्शन के 19 दिन में भारी नुकसान हुआ है। 30 प्रांतों में करीब 250 मस्जिदें और 20 धार्मिक केंद्रों को नुकसान पहुंचा। 182 एम्बुलेंस और फायर डिपार्टमेंट के सामान को मिलाकर 5.3 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। बैंकों के 317 ब्रांच पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। 4,700 बैंकों को 10% से 90% नुकसान हुआ है। बिजली क्षेत्र में 6.6 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।

भाजपा-शिंदे में फंसे पेंच का फायदा

# मुंबई का 'किंग' कौन, मेयर के लिए उद्धव ने ठोकी ताल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीएमसी चुनाव के नतीजे जा चुके हैं। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन आंकड़ों के मामले में सबसे आगे है। इसके बावजूद नए मेयर को लेकर सस्पेंस गहराने लगा है। एकनाथ शिंदे ने टूटने के डर से शिवसेना के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को होटल में जुटा लिया है। वहीं, उद्धव ठाकरे भी दावा कर रहे हैं कि मेयर तो शिवसेना-यूबीटी का ही होगा। असल में मुंबई के मेयर के लिए आंकड़ों की गणित बेहद दिलचस्प हो गई है। भाजपा गठबंधन में जरा सी फूट हुई तो खेल खराब हो सकता है। इसीलिए भाजपा और शिंदे पूरी सतर्कता बरत रहे हैं।

### क्या है बहुमत का आंकड़ा

227 सदस्यों वाले बीएमसी में बहुमत के लिए 114 सदस्यों की जरूरत है। भाजपा ने इस बार बीएमसी चुनाव में 89 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, उसके साथी दल शिवसेना ने 29 सीटें जीती हैं। दोनों का आंकड़ा मिला दें तो यह 118 तक पहुंचता है, जो बहुमत के आंकड़े से सिर्फ 4 ज्यादा है। अब इसी कम मार्जिन ने इस गठबंधन की नींदे उड़ा रखी हैं। वजह, अगर किसी भी दल में जरा सी भी हलचल हुई तो मुंबई में मेयर पद हासिल करने के भाजपा के सपने पर पानी फिर सकता है।

### उद्धव के बयान से बेचैनी

इस बीच उद्धव ठाकरे लगातार आक्रामक बयान दे रहे हैं। उद्धव दावा कर रहे हैं कि मुंबई का नया मेयर शिवसेना यूबीटी का ही होगा। इस बात ने शिंदे और भाजपा, दोनों खेमों में बेचैनी बढ़ा दी है। आंकड़ों में देखें तो भाजपा के पास 89 सीटें हैं। वहीं, उद्धव की सेना ने 65 सीटें जीती हैं। शिंदे गुट के पास 29 सीटें हैं और दोनों के आंकड़े मिला दे तो यह संख्या 94 सीटों तक पहुंच जाती है। अब अगर इन्हें कांग्रेस का समर्थन मिल जाता है तो यह बहुमत से काफी आगे निकल जाएंगे।

मुंबई के एक कार्यक्रम में बोले आरएसएस चीफ मोहन भागवत

# जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के पास जो आध्यात्मिक ज्ञान है, वह दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं है, क्योंकि अन्य जगहों पर आध्यात्मिकता की कमी है। भागवत ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्म को ब्रह्मांड का चालक बताया। उन्होंने कहा भारत की आध्यात्मिक विरासत अद्वितीय है और यही उसकी वैश्विक पहचान का आधार है। जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा।



### धर्म ही असली है चालक : भागवत

उन्होंने आगे कहा, धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को नियंत्रित करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है।भागवत ने कहा धर्म सिर्फ धर्म तक सीमित नहीं है। प्रकृति में हर चीज का अपना अंतर्निहित कर्तव्य और अनुशासन होता है।

### हम सभी को चलाने वाली एक शक्ति है

भागवत ने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है और सृष्टि का हर काम इसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों, संतों और ऋषियों से एक समृद्ध आध्यात्मिक विरासत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए संघ प्रमुख ने कहा, चाहे वह नरेंद्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और, हम सभी को चलाने वाली एक ही शक्ति है। अगर गाड़ी उस शक्ति से चलाई जाती है, तो कभी कोई दुर्घटना नहीं होगी। वह चालक धर्म ही है।

## मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान...



प्रयागराज। मौनी अमावस्या पर माघ मेले में अमृत स्नान के लिए जाते हुए साधु-संत एवं नागा बाबा।

### चलती कार से टकराया ऊंट, चालक की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक तेज रफ्तार कार ऊंट से टकरा गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात आसींद थाना क्षेत्र के ब्राह्मणों की सरेरी के पास हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऊंट कार की छत तोड़कर अंदर घुस गया और फंस गया। आसींद थाना प्रभारी श्रद्धा पंचौरी ने बताया कि ब्यावर निवासी कार चालक सलीम (40) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कार में ब्यावर के व्यापारी निकुंज चोपड़ा, उनकी पत्नी अर्चना और दो बच्चे जेनम और निशंका सवार थे, जो इस दुर्घटना में घायल हो गए। पंचौरी ने कहा कि वे इंदौर से ब्यावर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

तमिलनाडु से पेशवाई रथयात्रा पहुंचेगी 22 को, 3 फरवरी तक चलेगा आयोजन

# दक्षिण भारत का पहला कुंभ शुरू, 259 साल से बंद था महामाघ उत्सव

एजेंसी ▶▶| मल्लपुरम

केरल के मल्लपुरम जिले का मात्र 37 हजार की आबादी वाला छोटा सा कस्बा तिरुनावाया। वैसे तो यह जगह राज्य के प्राचीन भगवान नवमुकुंद (विष्णु) मंदिर और यहां हर 12 साल में होने वाले मामांकम उत्सव के लिए विख्यात है, लेकिन इस बार यहां 18 जनवरी से 'दक्षिण भारत का पहला कुम्भ' होने जा रहा है। यह दक्षिण की गंगा कही जाने वाली नीला नदी (भरतपुझा) के तट पर 3 फरवरी तक चलेगा। यह महामाघ उत्सव का बड़ा रूप है। जूना अखाड़ा, केरल की भारतीय धर्म प्रचार सभा इसके आयोजक हैं।



### 259 साल से बंद परंपरा पुनः प्रारंभ

जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर आनंद वनम भारती ने बताया कि तिरुनावाया में महामाघ उत्सव की परंपरा 259 साल से बंद थी। हमने इसे कुम्भ के रूप में पुनर्जागृत किया है। जिस तरह से उत्तर में प्रयाग पितृ तर्पण और कुंभ का केंद्र है, वैसे ही दक्षिण में तिरुनावाया है।

**नीला नदी का पौराणिक महत्व** : नीला नदी भी पौराणिक है। यह तमिलनाडु से शुरू होकर केरल में बहती है। 209 किमी लंबी यह केरल की दूसरी सबसे बड़ी नदी है। कुंभ के दौरान काशी से आए 12 ब्राह्मण रोज शाम को नीला की आरती करेंगे। कुंभ आयोजकों का अनुमान है इसमें 5 लाख से ज्यादा लोग आएंगे। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज, मां अमृतानंदमयी देवी, स्वामी चिदानंद पुरी, केरल के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर भी शामिल होंगे।

### पेशवाई जैसी रथयात्रा, अन्न प्रसादम की व्यवस्था भी

केरल सरकार पहले इस आयोजन में नहीं थी, लेकिन अब उसके देवासवम मंत्री वी.एन. वासवन कुम्भ के संरक्षक हैं। जिस तरह से उत्तर के कुम्भ की शुरुआत में पेशवाई निकलती है, ठीक वैसे ही इस कुम्भ में रथयात्रा निकलेगी। इसकी शुरुआत तमिलनाडु से होगी, जो 22 जनवरी को तिरुनावाया पहुंचेगी। 5 हजार से ज्यादा वॉलेंटियर हैं। 12 हजार भक्त अन्न प्रसादम की व्यवस्था संभाल रहे हैं।

### देश में ब्रह्मा जी का दूसरा मंदिर, हुआ पहला स्नान

मंदिर के मुख्य पुजारी वासुदेव नंबूदिरी ने बताया कि मंदिर का आखिरी बार जीर्णोद्धार 1300 साल पहले हुआ था, इसका रिकॉर्ड उपलब्ध है। राजस्थान के पुष्कर के बाद ब्रह्मा जी का दूसरा मंदिर यहीं है। 18 जनवरी को माघी अमावस्या पर कुंभ का पहला स्नान हुआ। नदी तट पर दोनों ओर 2 किमी में घाट बने हैं। स्नान सिर्फ दिन में होंगे। रात में नहीं।

### लोगों ने अपने घर को बनाया फ्री गेस्ट हाउस

बता दें कि बजट कम होने के कारण यहां प्रयागराज कुम्भ जैसी टेंट सिटी नहीं बनी है। लोगों ने अतिथियों के लिए अपने घर को फ्री गेस्ट हाउस के रूप में रखा है। घरों, दुकानों पर जो पोस्टर लगे हैं, उन पर लिखा है अतिथि देवो भवः की परंपरा हम निभाएंगे। मंदिर के 6 किमी के दायरे में 1500 घर इसके लिए तैयार किए गए हैं। अवधेशानंदगिरी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर, जूना अखाड़ा खोल दिए हैं।

मध्य पूर्व शांति पहल में मिली बड़ी जिम्मेदारी

# गाजा पीस बोर्ड के लिए ट्रंप का भारत को आमंत्रण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने भारत को गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। यह बोर्ड अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना का दूसरा चरण है, जिसका उद्देश्य इस्राइल-हमास युद्ध को पूरी तरह से समाप्त करना है। युद्धविराम के बावजूद खबरें सामने आ रही हैं कि इजरायल लगातार गाजा में हमला कर रहा है।

ट्रंप ने गुरुवार को गाजा बोर्ड ऑफ पीस के दूसरे चरण के गठन की घोषणा की, जिसे वे इस युद्ध को खत्म करने के लिए एक अहम कदम मानते हैं। बोर्ड का उद्देश्य गाजा क्षेत्र में स्थिरता लाना और वहां के रिकंस्ट्रक्शन के लिए स्ट्रैटेजी बनाना है। अमेरिका ने भारत के अलावा कम से कम चार अन्य देशों को भी इस बोर्ड में शामिल होने का निमंत्रण दिया है।

### क्या काम करेगा बोर्ड

*यह बोर्ड गाजा के रोजमर्रा के मामलों को संभालने के लिए एक तकनीकी समिति का ऑब्जर्वेशन करेगा और यह युद्धविराम फ्रेमवर्क का हिस्सा होगा। ट्रंप की योजना के तहत, गाजा को फिर से रहने लायक़ बेहतर बनाने के लिए आवश्यक धनराशि जुटाई जाएगी, जिससे क्षेत्र की स्थिति हर स्तर पर बेहतर हो सके।*

रायपुर
सोमवार 19 जनवरी 2026
माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष: 24, अंक: 180
पृष्ठ : 12+4+4 =20 मूल्य: 5.00**

**मौसम**
अधि. 31.4
न्यून. 12.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

04
मेरे सामने उसे गलत तरीके से टच किया



विचार पेज
2 आखिर क्या हैं पेयजल संकट के उपाय




inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे ग्रामीण, 60 से अधिक घायल

# छग-झारखंड की सीमा पर ओरसा में पलटी ग्रामीणों से भरी स्कूल बस, सात की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/कुसमी

छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों की संख्या में लोग घायल हुए है। हादसा महुआडांड थाना क्षेत्र के ओरसा बंगला दारा घाटी में हुआ जहां ग्रामीणों से भरी स्कूल बस अनियंत्रित होकर साइड वाल गार्ड को तोड़ते हुए पलट गई। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण वाहन में फंस गए जबकि कई लोग वाहन से बाहर गिर गए। घटना के समय बस में 87 लोगों के सवार होने की बात कही जा रही है। इस हादसे में 4 महिलाओं समेत 5 लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हो गए है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पीपरसोत से ग्रामीण ज्ञान गंगा की स्कूल बस में सवार होकर सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ▶▶|शेष पेज 5 पर



### मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधि व अधिकारी

इस भीषण सड़क हादसे के बाद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम घटना पर नजर बनाए हुए है और घायलों की मदद के निर्देश दिए। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुचे जबकि एसडीएम, पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और घायलों की मदद की जा रही है।

### सात के मौत की पुष्टि घायलों को किया रिफर

बस हादसे में अब तक सात लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। मरने वालों में चार महिलाएं व एक पुरुष शामिल है। हालांकि अब तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है वहीं मृतकों की संख्या भी बढ़ने की बात कही जा रही है। इस हादसे में 60 से अधिक लोग घायल हुए है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक टीम ने घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया जहां से गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए रांची भेजा गया है।

### ग्रामीणों की मौत पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जताया शोक



### घटना ने मन को झकझोर दिया : नेताम

कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि बहुद बड़ी व बेहद दुखदाई घटना घटित हो गई है। पूरी प्रशासनिक टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है। घायलों का इलाज किया जा रहा है, जो बेहद गंभीर है ऐसे पीड़ितों को रांची और अम्बिकापुर रिफर किया जा रहा है। मै अभी बाहर हूं लेकिन मै लगातार कलेक्टर बलरामपुर, एसपी बलरामपुर से सम्पर्क में हूं। धीरज सिंहदेव सहित अन्य कार्यकर्ता वहां घायलों की मदद कर रहे है। जिसे जैसी सहायता की आवश्यकता है पूरी मदद की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### तस्कर गिरफ्तार, 1.6 किग्रा हेरोइन बरामद


**श्रीनगर।** पुलिस ने रविवार को श्रीनगर के मुनव्वराबाद इलाके में मादक पदार्थ के एक कथित तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1.6 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। खानयार पुलिस थाने की एक टीम ने मुनव्वराबाद में सीवर शोधन संयंत्र के पास नियमित जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा।

### बस और कार की टक्कर में दो व्यक्तियों की मौत

**अमेठी।** अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र में रविवार को रोडवेज बस और कार में भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गये। घायलों में से चार की हालत गंभीर है। हादसा गौरीगंज थाना क्षेत्र के रायबरेली-सुल्तानपुर राजमार्ग के बनी बाबूगंज सगरा के पास हुआ।

## मैच के बाद लौटते वक्त हादसा

# स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर तालाब में घुसी, 3 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







शहर में बीती रात हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर तालाब में चली गई। बताया गया कि दरवाजे का लॉक नहीं खुलने से 2 युवाओं की वाहन के भीतर ही दम घुटने से मौत हो गई। एक युवक की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हो गई, ▶▶|शेष पेज 5 पर

- वाहन में सवार 6 युवाओं में 5 कालीपुर के रहने वाले

### शहर में शोक की लहर

तीनों मृतक युवक 25 से 30 वर्ष की उम्र के बताए जा रहे हैं। तीनों शादीशुदा थे और नौकरी करते थे। भावेश के 2 बच्चे है, शेखर का 1 बच्चा है, उसे अनुकंपा नियुक्ति मिली थी, वहीं मनीष शिक्षक है, जो विश्रामपुरी का रहने वाला है, लेकिन काफी समय से धरमपुरा ▶▶|शेष पेज 5 पर

## तृणमूल कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

# सिंगुर से पीएम मोदी की हुंकार कहा-'महाजंगल राज' को खत्म करना चाहता है पश्चिम बंगाल



एजेंसी ▶▶| सिंगूर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर 'वोट बैंक' की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करके राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी के 'महाजंगल राज' को समाप्त करना राज्य में कानून व्यवस्था, विकास और निवेशकों के विश्वास को बहाल करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य विधानसभा चुनाव कुछ ही महीनों दूर हैं, ऐसे में मोदी ने चुनावी मुकाबले को 'महाजंगल ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बंगाल की जनता से किया सवाल

रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पूछा, क्या बंगाल की जनता के हितों के विरुद्ध कार्य करने के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार को दंडित नहीं किया जाना चाहिए? उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशभर में मतदाता विकास और कल्याणकारी योजनाओं में बाधा डालने वाली सरकारों को 'दंडित' कर रहे हैं।

### टीएमसी को बताया महिलाओं-युवाओं का दुश्मन

मोदी ने कहा भाजपा सरकार 'सिंडिकेट राज और माफिया शासन' का अंत करेगी। तृणमूल कांग्रेस को 'महिलाओं, युवाओं और किसानों का दुश्मन' बताते हुए मोदी ने दावा किया कि बेटियां असुरक्षित हैं और बंगाल के युवाओं का भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा, महिलाओं और युवाओं को अपनी आवाज उठानी चाहिए।

## प्रयागराज माघ मेला में विवाद

# संगम तट पर बवाल, शंकराचार्य ने स्नान करने से किया मना



एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने मौनी अमावस्या पर स्नान से मना कर दिया है। उन्होंने अपनी पालकी बीच रास्ते से अखाड़े में लौटा दी है। बताया जाता है कि जब वे अपनी पालकी से अखाड़े से निकलकर संगम नोज पर जा रहे थे, तभी उनके शिष्यों से यूपी सरकार के गृह सचिव मोहित गुप्ता ने धक्कामुक्की शुरू कर दी, जिसके बाद बवाल बढ़ गया और अविमुक्तेश्वरानंद ने स्नान से ही मना कर दिया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने मीडिया से कहा कि मेरे शिष्यों से मारपीट हो रही है। अधिकारी मारने का इशारा कर रहे हैं, इसलिए स्नान नहीं करूंगा।

### मारपीट-धक्कामुक्की का वीडियो वायरल

संगम तट पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों के साथ मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपनी पालकी के साथ संगम तट पर जा रहे होते हैं।

### 3.82 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

मौनी अमावस्या पर संगम नगरी प्रयागराज में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। प्रयागराज में जारी माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या पर शाम चार बजे तक 3.82 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इससे पूर्व, मकर संक्रांति के अवसर पर 1.03 करोड़ जबकि एकादशी पर लगभग 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था।

### श्रद्धालुओं और साधु संतों पर पुष्प वर्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं और साधु संतों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कल रात 12 बजे से ही स्नान करने के लिए लोगों का गंगा और संगम क्षेत्र में आना जारी रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि माघ मेला 2025-26 में कुल 12,100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।




## मुंबई कोर्ट ने लिया बड़ा फैसला, बंद की फाइल

# 7.65 रुपए की चोरी, 50 साल तक चला केस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई की एक कोर्ट ने 7.65 रुपए की चोरी के केस 1977 से चल रहा था। 50 साल बाद के बाद कोर्ट ने इस केस को बंद करने का डालने का निर्णय किया है। इस केस में दो अनजान आरोपी और एक शिकायत करने वाला शामिल था, जिनका पुलिस की दशकों की तलाश के बाद भी कोई पता नहीं चला। यह फैसला दशकों पुराने केस में हाल ही में आए कई फैसलों में से एक है, जो ठंडे बस्ते में पड़े थे और लीगल ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 1977 से चल रहा था केस

1977 के इस चोरी के केस में दो अनजान लोगों पर 7.65 रुपए चोरी करने का आरोप था, जो पांच दशक पहले एक बड़ी रकम थी। हालांकि, नॉन-बेलेबल वारंट के बावजूद दोनों का पता नहीं चल सका, जिससे मामला ठंडे बस्ते में चला गया। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (मझगांव कोर्ट) आरती कुलकर्णी ने 14 जनवरी को यह कहते हुए केस बंद कर दिया कि मामला लगभग 50 साल पुराना है।



### कोर्ट ने केस बंद करने का किया फैसला

कोर्ट ने कहा कि चूंकि चोरी की गई रकम 2,000 रुपए से कम थी, इसलिए केस को क्रिमिनल प्रोसीजर कोड के सेक्शन 260 के तहत समरी ट्रायल के लिए क्लासिफाई किया गया, जो छोटे अपराधों के लिए "समरी ट्रायल" की इजाजत देता है, जिसमें चोरी भी शामिल है, जहां प्रॉपर्टी की कीमत कम होती है, ताकि जल्दी इंसाफ मिल सके।

### रैश ड्राइविंग मामले में भी फैसला

2003 के एक रैश ड्राइविंग मामले में भी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने ऐसा ही किया, क्योंकि पुलिस रिपोर्ट ने कन्फर्म किया कि न केवल आरोपी, बल्कि असली जानकारी देने वाला और सभी गवाह भी अब ट्रेस नहीं हो पा रहे थे। आरोपी पर आईपीसी के तहत सेक्शन 279 (रैश ड्राइविंग) और 338 (जान या पर्सनल सेफ्टी को खतरे में डालने वाले काम से गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत केस दर्ज किया गया था।

## चिंतन

# जनहित को राजनीति से ऊपर रखें राज्य सरकारें

भारत का संघीय लोकतंत्र केंद्र और राज्यों के सहयोग पर आधारित है। संविधान की मूल भावना यह है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर जनता के हित में काम करें और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, लेकिन बीते कुछ वर्षों में यह सहयोग कई बार राजनीतिक टकराव में बदलता दिखाई देता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य में केंद्र सरकार की योजनाएं लागू नहीं की जा रहीं, जिससे लोग उनके लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। यह आरोप केवल बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु और पंजाब जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों पर भी केंद्र की योजनाओं की अनदेखी के आरोप लगते रहे हैं। इससे पहले दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार और केंद्र के बीच भी नीतियों को लेकर लगातार खींचतान देखने को मिली थी। केंद्र सरकार की योजनाएं देश के सभी नागरिकों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन या किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का उद्देश्य यह है कि सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक सरकारी मदद पहुंचे। इन योजनाओं के लिए धन पूरे देश के करदाताओं से आता है। ऐसे में यदि कोई राज्य सरकार राजनीतिक कारणों से इन्हें लागू नहीं करती या आधे-अधूरे मन से लागू करती है, तो यह सीधे-सीधे जनता के अधिकारों पर चोट है। गैर-भाजपा शासित राज्यों का तर्क अक्सर यह होता है कि केंद्र योजनाओं के नाम पर राज्यों पर अपनी नीतियां थोपना चाहता है, या फिर वह राज्यों को पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं देता। कुछ राज्यों का यह भी कहना है कि उनके पास पहले से बेहतर या समानांतर योजनाएं मौजूद हैं, इसलिए वे केंद्र की योजनाओं को लागू करना जरूरी नहीं समझते। यह तर्क कुछ हद तक समझ में आता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इन राजनीतिक और प्रशासनिक मतभेदों की कीमत आम जनता को चुकानी चाहिए? हकीकत यह है कि जब केंद्र और राज्य सरकारें आमने-सामने खड़ी हो जाती हैं, तो सबसे ज्यादा नुकसान गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और बच्चे उठाते हैं। यदि किसी राज्य में स्वास्थ्य योजना लागू नहीं होती, तो उसका खामियाजा बीमार और असहाय व्यक्ति को भुगतना पड़ता है। अगर आवास या पोषण से जुड़ी योजनाएं रोकी जाती हैं, तो उसका असर सीधे जीवन स्तर पर पड़ता है। आम नागरिक के लिए यह मायने नहीं रखता कि योजना केंद्र की है या राज्य की, उसके लिए अहम यह है कि मदद समय पर मिले। प्रधानमंत्री द्वारा बंगाल में ममता सरकार पर किया गया हमला इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। राज्य सरकारों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में सत्ता अस्थायी होती है, लेकिन जनता की जरूरतें स्थायी। जनभावना से राजनीति को दूर रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि किसी योजना में खामियां हैं, तो उसे बेहतर बनाने के लिए केंद्र से संवाद किया जाना चाहिए, न कि उसे पूरी तरह ठुकरा दिया जाए। राज्य चाहें तो योजनाओं में स्थानीय जरूरतों के अनुसार बदलाव करें, उनका नाम बदलें या उन्हें अपनी योजनाओं के साथ जोड़ें, लेकिन लाभ लोगों तक पहुंचना चाहिए। कुल मिलाकर लोकतंत्र की सफलता इसी में है कि केंद्र और राज्य मिलकर काम करें। राजनीति अगर जनहित पर भारी पड़ेगी, तो उसका नुकसान पूरे देश को उठाना पड़ेगा।



जनसमस्या
सुशील देव

# आखिर क्या हैं पेयजल संकट के उपाय

> ग्रामीण भारत से लेकर महानगरों तक, पेयजल की समस्या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रही। कई गांवों में आज भी हैंडपंप सूख चुके हैं या उनका पानी फ्लोराइड, आर्सेनिक और आयरन जैसे खतरनाक तत्वों से दूषित है। शहरी इलाकों में पाइपलाइन से पानी तो आता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता संदिग्ध रहती है। गरीब बस्तियों में लोग मजबूरी में गंदा पानी पीने को विवश हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। नीति आयोग की कई रिपोर्ट बताती हैं कि देश की बड़ी आबादी गंभीर जल संकट से जूझ रही है। साफ पानी केवल सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की हालिया घटना ने हर किसी को साफ पेयजल के मसले पर सोचने को मजबूर किया है। यह कड़वा सच है कि देश के कई हिस्सों में आज भी जनता को साफ और सुरक्षित पीने का पानी नसीब नहीं है। यह स्थिति उस भारत में है, जो चंद्रयान से लेकर डिजिटल क्रांति तक अपनी उपलब्धियों पर गर्व करता है। साफ पानी जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है, लेकिन दुर्भाग्यवश यह जरूरत करोड़ों लोगों के लिए अब भी एक सपना बनी हुई है। सरकारें बदलती रहीं, योजनाएं आती-जाती रहीं, पर जमीनी हकीकत यह है कि सरकारी उदासीनता और नीतियों के कमजोर क्रियान्वयन ने पेयजल संकट को और गहरा ही किया है।

ग्रामीण भारत से लेकर महानगरों तक, पेयजल की समस्या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रही। कई गांवों में आज भी हैंडपंप सूख चुके हैं या उनका पानी फ्लोराइड, आर्सेनिक और आयरन जैसे खतरनाक तत्वों से दूषित है। शहरी इलाकों में पाइपलाइन से पानी तो आता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता संदिग्ध रहती है। गरीब बस्तियों में लोग मजबूरी में गंदा पानी पीने को विवश हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। नीति आयोग की कई रिपोर्ट बताती हैं कि देश की बड़ी आबादी गंभीर जल संकट से जूझ रही है। बावजूद इसके इस संकट को राजनीतिक प्राथमिकता के रूप में नहीं देखा गया। चुनावी भाषणों में बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही पेयजल जैसे मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं। पेयजल संकट के लिए प्राकृतिक कारणों को जिम्मेदार ठहराना आसान है, लेकिन सच यह है कि सरकारों की उदासीनता ने इस समस्या को और विकराल बनाया है। कई राज्यों में जलापूर्ति से जुड़ी योजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं। कहीं बजट की कमी का रोना है, तो कहीं भ्रष्टाचार और लाल फीताशाही ने योजनाओं की गति रोक रखी है। ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं का हाल यह है कि नल तो लगा दिए गए, लेकिन उनमें पानी नहीं है। "हर घर नल से जल" जैसे अभियानों की घोषणाएं भले ही प्रभावशाली हों, पर अनेक गांवों में ये योजनाएं केवल सरकारी फाइलों और आंकड़ों तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर न तो नियमित जल आपूर्ति है और न ही गुणवत्ता की प्रभावी जांच।

भारत में जल से जुड़ी नीतियों की कमी नहीं है। समस्या उनके क्रियान्वयन की है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल प्रबंधन से संबंधित कानून और दिशा-निर्देश मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन कराने की इच्छाशक्ति का अभाव है। शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन को अनिवार्य करने के नियम बने, पर अधिकतर भवनों में इनका पालन नहीं होता। औद्योगिक इकाइयां नदियों और जलस्रोतों में बेधड़क प्रदूषित पानी छोड़ रही हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या तो मूकदर्शक बने रहते हैं या कार्रवाई के नाम पर औपचारिकताएं निभाई जाती हैं। नतीजा यह है कि जो पानी उपलब्ध है, वह भी पीने योग्य नहीं रह गया। साफ पेयजल की कमी का सबसे बड़ा असर गरीब और वंचित तबकों पर पड़ता है। दूषित पानी से डायरिया, टाइफाइड, पीलिया जैसी बीमारियां आम हैं। हर साल हजारों बच्चे केवल इसलिए अपनी जान गंवा देते हैं क्योंकि उन्हें स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। यह एक गंभीर मानवीय संकट है, जिसे अक्सर आंकड़ों



में छिपा दिया जाता है। सामाजिक दृष्टि से भी जल संकट असमानता को बढ़ाता है। जिनके पास पैसे हैं, वे बोतलबंद पानी या टैंकर खरीद लेते हैं, लेकिन गरीबों के पास कोई विकल्प नहीं होता।

कई जगहों पर पानी को लेकर सामाजिक तनाव और टकराव की स्थिति बन रही है, जो भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार दोनों पर है। केंद्र सरकार योजनाएं बनाती है, बजट आवंटित करती है, लेकिन राज्यों में उनके क्रियान्वयन की स्थिति अक्सर निराशाजनक रहती है। कई बार राजनीतिक खींचतान के कारण भी योजनाएं प्रभावित होती हैं। जल जैसे संवेदनशील विषय पर भी राजनीति हावी हो जाती है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। स्थानीय निकायों और पंचायतों को पर्याप्त अधिकार और संसाधन नहीं दिए जाते, जबकि जल प्रबंधन में उनकी भूमिका सबसे अहम हो सकती है, क्योंकि बिना स्थानीय सहभागिता के कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। सरकार अक्सर संकट के समय तात्कालिक उपायों का सहारा लेती हैं। टैंकर भेज दिए जाते हैं, बोरिंग करवा दी जाती है, लेकिन ये समाधान स्थायी नहीं हैं। दीर्घकालिक योजना और गंभीरता का अभाव साफ झलकता है। जल संरक्षण और स्रोतों के पुनर्जीवन पर जितना काम होना चाहिए था, उतना नहीं हुआ। पेयजल संकट से निपटने के लिए सबसे पहले सरकार को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। नीतियों को कागज से निकालकर जमीन पर उतारना होगा। योजनाओं की नियमित निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही तय करनी होगी। जल की गुणवत्ता की जांच और उसके सार्वजनिक आंकड़े उपलब्ध कराए जाने चाहिए। साथ ही, जनता की भागीदारी भी जरूरी है। अभी तक हम पानी का उपयोग अनुशासित ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।

जरूरत से ज्यादा पानी का नुकसान करना तो जैसे हमारी आदत बन गई हो। ऐसे में हमारी भावी पीढ़ी के लिए भी जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसके लिए हमें कई कदम उठाने होंगे; जैसे घरेलू स्तर पर जल का उचित व संयमित उपयोग एवं उद्योगों में पानी के चक्रीय उपयोग जल संरक्षण में सहायक हो सकते हैं। इस्तेमाल किए हुए पानी का फिर से शौचालयों अथवा बगीचों में फिर से इस्तेमाल और रिसाइकिलिंग करके जल का सदुपयोग कैसे करना है, इस दिशा में जन-जागरूकता बढ़ायी जाए। वर्षा-जल का संग्रहण करके हम पानी को बचा सकते हैं। विभिन्न जलाशयों का निर्माण करके उनमें जल संग्रह करना जल संसाधन का सबसे पुराना उपाय है, इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। भूमिगत जल संरक्षण के लिए भूमिगत जल का कृत्रिम रूप से पुनर्भरण किया जा सकता है टपकन टैंक/ड्रिप/स्प्रिंकल सिंचाई के उपयोग से सिंचाई जल के संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है।वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को जन आंदोलन का रूप देना होगा। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में पेयजल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन, विकास और सामाजिक न्याय से जुड़ा बुनियादी प्रश्न है। देश में साफ पेयजल की समस्या केवल संसाधनों की कमी का सवाल नहीं है, बल्कि यह शासन की संवेदनशीलता और नीतिगत ईमानदारी की भी परीक्षा है। सरकार की उदासीनता और क्रियान्वयन में लापरवाही ने इस संकट को बढ़ाया है, इसमें कोई संदेह नहीं। यदि अब भी चेतने का समय नहीं आया, तो आने वाले वर्षों में जल संकट एक भयावह सामाजिक और मानवीय त्रासदी का रूप ले सकता है। साफ पानी केवल सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार हैं और इसे सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
सुनील कुमार महला




# प्राकृतिक आपदाओं के बीच एनडीआरएफ की भूमिका

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का स्थापना दिवस 19 जनवरी को मनाया जाता है, क्योंकि वर्ष 2006 में इसी दिन एनडीआरएफ का गठन किया गया था। यह बल प्राकृतिक व मानव-निर्मित आपदाओं में राहत और बचाव कार्य के लिए जाना जाता है। एनडीआरएफ का आदर्श वाक्य 'आपदा सेवा सदैव सर्वत्र' है, जिसका अर्थ है-'किसी भी आपदा में, हमेशा और हर जगह सेवा के लिए तत्पर।' प्राकृतिक व मानव-निर्मित आपदाएं वे घटनाएं हैं जो व्यापक स्तर पर जीवन, संपत्ति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। भूकंप, बाढ़, सूखा, चक्रवात, तूफान, भूस्खलन, हिमस्खलन, जंगल की आग, सुनामी, बादल फटना, लू और शीत लहर आदि प्राकृतिक आपदाएं तथा औद्योगिक दुर्घटनाएं, रासायनिक/गैस रिसाव, परमाणु दुर्घटनाएं, आग लगना, इमारत या पुल गिरना, तेल रिसाव, खनन हादसे, रेल-सड़क-हवाई दुर्घटनाएं, आतंकवादी हमले और युद्ध मानव-निर्मित आपदाएं हैं। वास्तव में प्राकृतिक आपदाएं प्रकृति की प्रक्रियाओं के कारण होती हैं, जिन पर मानव का सीधा नियंत्रण नहीं होता, वहीं दूसरी ओर मानव-निर्मित आपदाएं मानवीय गतिविधियों, लापरवाही या तकनीकी विफलताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

संक्षेप में कहें तो जहां एक ओर प्राकृतिक आपदाएं प्रकृति से आती हैं, वहीं, दूसरी ओर मानव-निर्मित आपदाएं मानव की गलतियों या क्रियाओं का परिणाम होती हैं। दोनों ही हमारे समाज, देश व अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डालती हैं। वास्तव में आपदा प्रबंधन राष्ट्रीय प्राथमिकता है और भारत सरकार ने देश में आपदाओं से निपटने की व्यवस्था को आधुनिक और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अगस्त 1999 में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया। बाद में गुजरात भूकंप की विभीषिका को देखते हुए एक राष्ट्रीय समिति भी बनाई। इन समितियों का मुख्य लक्ष्य केवल राहत कार्य तक सीमित न रहकर, भविष्य की आपदाओं के लिए ठोस पूर्व-तैयारी करना और नुकसान को कम करने के लिए एक प्रभावी सरकारी ढांचा तैयार करना था। इन पहलों का उद्देश्य भारत में आपदा प्रबंधन को एक व्यवस्थित और वैज्ञानिक रूप देना था ताकि जान-माल की क्षति को न्यूनतम किया जा सके। दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-07) के दस्तावेज़ में पहली बार, आपदा प्रबंधन पर एक विस्तृत अध्याय जारी किया गया था और अंततः 23 दिसंबर, 2005 को भारत सरकार द्वारा 'आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005' को अधिनियमित किया गया, जिसके तहत 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' (एन.डी.एम.ए.) एवं 'राष्ट्रीय आपदा मोचन बल' (एन.डी.आर.एफ.) का गठन किया गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) भारत में आपदा प्रबंधन के लिए गठित एक सर्वोच्च संस्था है, जिसकी स्थापना 'आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005' के अंतर्गत की गई थी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कार्य करने वाला यह निकाय देश में आपदाओं से निपटने के लिए मुख्य नीतियां, योजनाएं और दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु उत्तरदायी है। इसका प्राथमिक उद्देश्य एक ऐसी एकीकृत और रणनीतिक प्रणाली विकसित करना है, जो संकट के समय समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर जान-माल के नुकसान को न्यूनतम कर सके। वास्तव में इस संस्था का मुख्य लक्ष्य आधुनिक तकनीक और सभी वर्गों की भागीदारी के माध्यम से भारत को आपदाओं के प्रति सुरक्षित और सक्षम बनाना है। यह केवल संकट आने का इंतज़ार करने के बजाय पहले से सतर्क रहने (प्रो-एक्टिव) और विकास कार्यों को आपदा-रोधी बनाने की रणनीति पर ज़ोर देती है। इसका उद्देश्य समाज में एक ऐसी संस्कृति विकसित करना है, जहां आपदाओं को रोकने, उनकी पूर्व-तैयारी करने और उनके प्रभाव को कम करने (शमन) को प्राथमिकता दी जाए, ताकि देश का विकास टिकाऊ बना रहे। बहरहाल, बता दें कि वर्तमान में एनडीआरएफ में कुल 16 बटालियन हैं। प्रत्येक बटालियन में लगभग 1,149 कर्मी होते हैं। दरअसल, एनडीआरएफ एक विशेषज्ञ बल है जिसमें भारत के विभिन्न केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) से जवानों को प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर लिया जाता है। एनडीआरएफ स्थापना दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि आपदा के समय त्वरित, संगठित और मानवीय प्रतिक्रिया कितनी आवश्यक है। एनडीआरएफ का योगदान सुरक्षित, सक्षम और संवेदनशील भारत के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है और एनडीआरएफ का स्थापना दिवस भारत की उस अदम्य इच्छाशक्ति का उत्सव है, जो यह सुनिश्चित करती है कि देश किसी भी विपदा के सामने घुटने नहीं टेकेगा, बल्कि और अधिक मजबूती से उठ खड़ा होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# यमदूतों को देख डर जाता है व्यक्ति



संकलित
दर्शन

गरुड़ पुराण में मृत्यु के बाद के रहस्य, आत्मा की यात्रा, पाप-पुण्य, स्वर्ग और नरक के बारे में विस्तार से बताया गया है। संसार का ये नियम अटल है कि जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु भी तय है। जन्म और मृत्यु दो वो छोर हैं, जिनकी प्रक्रियाएं एक दूसरे से बहुत अलग हैं। गरुड़ पुराण के अनुसार, मृत्यु के समय व्यक्ति के शरीर में जो हलचल होती है वो उसके कर्मों और उसकी मानसिक स्थिति पर निर्भर करती है। गरुड़ पुराण में आंखों के पलटने के पीछे कुछ प्रमुख वजहें बताई गई हैं, जिस व्यक्ति को जीवनकाल में सांसारिक सुखों, धन-संपत्ति और परिवार का अधिक मोह रहता है, उसके लिए प्राण त्यागना बहुत कष्टकारी होता है। गरुड़ पुराण कहता है मृत्यु के पास आने पर भी ऐसा व्यक्ति संसार नहीं छोड़ना चाहता। उसमें जीने की इच्छा रहती है। यही इच्छा उसे शरीर से बांधकर रखती है, इसलिए जब शरीर से प्राण खींचे जाते हैं, तो आंखें ऊपर की ओर उलट जाती हैं। वहीं शास्त्रों में बताया गया है कि जब यमदूत आत्मा को लेने आते हैं, तो उनका स्वरूप देखकर मरणासन्न व्यक्ति डर जाता है। वो कुछ कहना चाहता है, लेकिन उसकी आवाज गले में अटक जाती है। डर में उसकी पुतलियां फैल जाती हैं और आंखें उलट जाती है. यमदूत जब बल से आत्मा को शरीर से निकालते हैं, तो भी ऐसी अवस्था हो जाती है, वहीं जब प्राण मस्तक या आखों से निकलते हैं, तो भी आंखें पलट जाती हैं।

# अपनी बुराई सुनकर परेशान न हों



संकलित
प्रेरणा

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क पर मवेशी

राजधानी रायपुर में आवारा कुत्तों के साथ ही अब मवेशी लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। रायपुर में जिस ओर भी जाएं, सड़क पर मवेशी नजर आते हैं। नगर निगम का अमला कुछ दिन कार्रवाई करता है और शांत हो जाता है। ऐसे में सड़क पर चलने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है। आए दिन सड़क हादसे की वजह सड़क पर मवेशी बनते हैं।

*-शाहिन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर एक्शन



डबल इंजन सरकार बनते ही पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही मतुआ और नामशूद्र जैसे शरणार्थियों को पूरी सुरक्षा देकर उनकी बस्तियों में विकास को गति दी जाएगी, ये मोदी की गारंटी है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### नाकाम व्यवस्था दोषी



माघमेला क्षेत्र में इस साल फिर से साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य है। प्रश्न ये है कि ऐसी घटनाएं भाजपा की सरकार में ही क्यों हो रही हैं। इस अवस्था के लिए भाजपा का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा


### दुर्भाग्यपूर्ण घटना



वाराणसी में अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को हटाने की खबर से समाज के एक बड़े वर्ग में काफी रोष व आक्रोश व्याप्त है। इस अति-दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### जनता पर विश्वास



हमें पूरा विश्वास है कि तमिलनाडु की जनता आरएसएस-भाजपा की कट्टरता, सांप्रदायिकता और भेदभावपूर्ण राजनीति के बजाय समानता, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और सुशासन को चुनेगी। कांग्रेस जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर


### गैलेक्सीआई 'मिशन दृष्टि' के लिए तैयार



अंतरिक्ष क्षेत्र का स्टार्टअप गैलेक्सीआई अपनी तरह के पहले उपग्रह को प्रक्षेपित करने की तैयारी में है जो 'ऑप्टिकल' और 'रडार सेंसर' से प्राप्त आंकड़ों को एकीकृत कर पृथ्वी की तस्वीरें तैयार करेगा। इन तस्वीरों का उपयोग रक्षा से लेकर कृषि तक कई क्षेत्रों में किया जा सकेगा। स्टार्टअप की इस वर्ष की पहली तिमाही में 'मिशन दृष्टि' नामक बहु-संवेदी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को प्रक्षेपित करने और 2030 तक इसे 10 उपग्रहों के एक समूह में विस्तारित करने की योजना है। गैलेक्सीआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुयश सिंह ने कहा, मिशन दृष्टि वैश्विक स्तर पर पहला ऐसा उपग्रह है, जिसमें एक ही प्लेटफॉर्म पर रडार सेंसिंग और ऑप्टिकल इमेजिंग को एकीकृत किया गया है। इसके साथ ही यह भारत का निजी तौर पर विकसित सबसे बड़ा उपग्रह भी है। सिंह ने बताया कि गैलेक्सीआई अगले कुछ वर्षों में दो और उपग्रह तैनात करने की योजना बना रहा है और दशक के अंत तक छह-सात अतिरिक्त उपग्रह जोड़कर कुल संख्या 2030 तक 10 करने का लक्ष्य है। इससे बड़े पैमाने पर लगभग तुरंत डेटा उपलब्ध कराया जा सकेगा। जहां मल्टी-स्पेक्ट्रल ऑप्टिकल कैमरा पृथ्वी की तस्वीरें लेता है।

## ऑफ बीट

### 'काजीरंगा कॉरिडोर' से वन्यजीवों की होगी सुरक्षा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को जिस 'काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर' परियोजना की आधारशिला रखेंगे, उसका उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीवों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और 'इकोटूरिज्म' को बढ़ावा देना है। 'इकोटूरिज्म' से तात्पर्य प्राकृतिक क्षेत्रों में ऐसे पर्यटन से है जिससे स्थानीय वन्य जीवन एवं पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके और उन्हें लाभ पहुंचे। मोदी ने कहा कि 6,957 करोड़ रुपये की यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर दुर्घटनाओं को कम करने में भी मदद करेगी। एक अधिकारी ने बताया कि परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-37 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग-715) के कालियाबोर-नुमालीगढ़ खंड को चार लेन का किया जाएगा और लगभग 34 .45 किलोमीटर का 'एलिवेटेड कॉरिडोर' बनाया जाएगा। इसके तहत जखलाबांधा और बोकाखाट में बाईपास भी बनाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस परियोजना को उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और भारतीय वन्यजीव संस्थान की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि परियोजना का उद्देश्य मध्य एवं अपर असम के बीच संपर्क बेहतर करना और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की समृद्ध जैव विविधता का संरक्षण सुनिश्चित करना है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






कुत्तों का खौफ... थम नहीं रहे डॉग बाइट के मामले

# 12 महीने में ही सरकारी अस्पतालों में खपे एंटी रेबीज के पौने दो लाख डोज

## आंबेडकर में 5000 इंजेक्शन लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

एनिमल बर्थ कंट्रोल के लिए की जाने वाली कार्रवाई में केवल दावे ही नजर आ रहे हैं। राजधानी समेत प्रदेश की सड़कों में आवारा कुत्तों का अभी भी कब्जा है। पिछले साल यानी वर्ष 2025 में इनका शिकार होने वालों को केवल आंबेडकर अस्पताल में ही पांच हजार एंटी रेबीज वैक्सीन के डोज लगाने पड़े। जबकि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में लगभग पौने दो लाख वैक्सीन डोज की खपत हुई है।

आवारा कुत्तों की संख्या कम करने बधियाकरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है, बावजूद इसके ठंड के मौसम कुत्तों के शावक गली-मोहल्ले में नजर आने लगे हैं। राजधानी समेत समूचे राज्य में समुचित अभियान के अभाव में स्ट्रीट डॉग की संख्या कम नहीं हो रही है तो इनका शिकार होने वालों को रेबीज के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रखे जाने वाले एंटी रेबीज वैक्सीन का स्टॉक बढ़ा दिया गया है। सीजीएमएससी



द्वारा इस बार इस वैक्सीन की अतिरिक्त खरीदी भी की गई है। बीते वर्ष शहर में भी डॉग बाइट की काफी घटनाएं हुईं और नियमित रूप से लोग रेबीज से बचाव वाला इंजेक्शन लगाने आंबेडकर अस्पताल पहुंचते रहे।

आपात चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में यहां करीब 5 हजार एंटी रेबीज की वैक्सीन डॉग बाइट से प्रभावित लोगों को लगाई गई। इतना ही नहीं, राज्य के तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में करीब 1 लाख 73 हजार लोगों को यह इंजेक्शन लगाना पड़ा। इधर श्वान की संख्या नियंत्रित करने चलाया जाने वाला अभियान भी कारगर होता नहीं दिख रहा है। ठंड का मौसम आने के बाद शहर के कई इलाकों में कुत्तों के शावक नजर आने लगे हैं।

### सात लोगों के भरोसे अभियान

शहर में भी स्ट्रीट डॉग को नियंत्रित करने सात लोगों के भरोसे अभियान चलाया जा रहा है। इनमें दो वेटनरी डॉक्टर, चार डॉग कैचर और एक ड्राइवर की टीम है। इनके द्वारा रोजाना औसतन 10 डॉग का ऑपरेशन किया जाता है। दूसरी ओर आंकड़ों के अनुसार, केवल शहर में स्ट्रीट डॉग की संख्या 40 से 45 हजार के करीब है।

### हो चुकी है मौत भी...

चिकित्सकों के अनुसार डॉग बाइट की घटनाओं को गंभीरता से लेना जरूरी है। इनके काटने अथवा खरोंच लगने पर भी एहतियात के तौर पर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाना जरूरी है। रेबीज के संक्रमण को रोका जा सकता है, मगर इससे प्रभावित होने पर इलाज होना संभव नहीं है। राज्य में पिछले साल कुते के काटने के बाद इलाज में लापरवाही बरतने की वजह से एक ग्रामीण की सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

सरकार की डेडलाइन नजदीक, सुरक्षा बलों का ऑपरेशन तेज

# लौट आओ... वरना देर हो जाएगी, परिजनों ने की नक्सलियों से घर वापसी की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद के जंगलों में लंबे समय से सक्रिय नक्सलियों से अब उनके परिजनों ने घर वापसी करने के लिए भावुक अपील कर रहे हैं, इसका वीडियो भी सामने आया है। हालांकि यह वीडियो तेलुगु और गोंडी भाषा में बताया जा रहा है। इस वीडियो के माध्यम से गरियाबंद के जंगल में शेष बचे नक्सली जिसमें ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन से उनके परिजनों ने घर वापस लौटने की भावुक अपील की है। बताया जा रहा है कि दोनों 8 लाख रुपए की इनामी नक्सली है। इसके साथ ही सरेंडर कर चुके पूर्व नक्सलियों ने भी अपने साथियों को सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ लेने और समाज की मुख्यधारा में वापस लौटकर सुखी जीवन जीने के लिए भी अपील की है। मालूम हो कि नक्सली खात्मे को लेकर सरकार ने मार्च 2026 की डेडलाइन तय की है, जो कि नजदीक है। ऐसे में अब शेष बचे नक्सलियों के परिजनों को डर सताने लगा है कि अगर वे समाज की मुख्यधारा में नहीं लौटते हैं तो जान से हाथ धोना पड़ सकता है। बस्तर हो

## 8 लाख की इनामी नक्सली ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन से मां-भाई ने लौटने की लगाई गुहार



या फिर गरियाबंद सुरक्षा बल के जवान अंदरूनी इलाकों में लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं, जिसमें नक्सली मारे जा रहे हैं। जिसे देखते हुए शेष बचे नक्सलियों के परिजन सामने आकर भावुक अपील कर रहे हैं।

गरियाबंद के जंगल में सक्रिय 8 लाख की इनामी नक्सली कमांडर ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन के घर से इस बार घर वापसी करने की आवाज आई है। यह पुकार एक मां की, एक भाई की है, ऊषा, तुम्हारी बूढ़ी मां सिसक रही है, तुम्हारा भाई राह देख रहा है। और सिर्फ ऊषा ही नहीं, इनामी नक्सली बलदेव के परिवार ने भी कह दिया है लौट आओ, वरना बहुत देर हो जाएगी। भाई आबूला गंगैया ने कैमरे पर हाथ जोड़कर अपील की है कि ऊषा अब वापस आ जाए। दबाव सिर्फ परिवार का नहीं है बल्कि उन साथियों का भी है, जिन्होंने हाल ही में हथियार छोड़े हैं। 24 लाख के तीन इनामी सरेंडर नक्सली जानसी, सुनील डीवीसीएम और दीपक एलजीएस कमांडर जो कभी ऊषा और बलदेव के साथ जंगलों में मौत का खेल खेलते थे। आज सरकार की पुनर्वास नीति का आनंद ले रहे हैं। ऊषा, बलदेव, अंजू, ज्योति... तुम लोग भी लौट आओ। सरकार सम्मान दे रही है, ये आखिरी मौका है।


### एक परिवार के पुनर्मिलान की उम्मीद

गरियाबंद-नुवापाड़ा डिवीजन में सक्रिय इन चार बड़े नामों के पास अब समय बहुत कम है। सुरक्षाबल के जवान नक्सल विरोधी अभियान को लेकर जंगलों में लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं। परिजनों को डर है कि अगर इस डेडलाइन से पहले समर्पण नहीं हुआ, तो अंजाम भयानक हो सकता है। यह सिर्फ एक नक्सली के सरेंडर की बात नहीं है, यह एक परिवार के पुनर्मिलन की उम्मीद है। ऊषा और बलदेव के पास मौका है कि वे अपने बूढ़े मां-बाप का सहारा बनें। अब देखने वाली बात होगी कि परिजनों के द्वारा की गई यह अपील शेष बचे नक्सलियों पर कितना असर करती है।



# मेरे सामने उसे गलत तरीके से टच किया...

**मुंबई।** एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अक्सर स्टार्स के साथ छेड़छाड़ और कास्टिंग काउच की खबरें सुनने को मिलती हैं। कई बार एक्ट्रेसेस को फिल्मों और



सीरियल्स में रोल के बदले कंप्रोमाइज के ऑफर तक दिए जाते हैं। ऐसे में अब जानी मानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने भी अपनी एक फीमेल को-एक्ट्रेस संग सेट पर हुई एक ऐसी ही घटना का जिक्र अपने हालिया इंटरव्यू में किया। त्रिधा ने बताया कि कैसे उसे उनके ही सामने गलत तरीके से टच किया गया था। त्रिधा चौधरी जल्द ही कपिल शर्मा के साथ फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी में उनके साथ बिग बॉस फेम और 'धुरंधर' के आइटम सॉन्ग से चर्चा में आईं आयशा खान भी नजर आने वाली हैं। ऐसे में त्रिधा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस दौरान त्रिधा ने प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर किए गए सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए।

# 9 भाषाओं में बनाई गई ये तेलुगू फिल्म, 8 में हुई हिट

*मुंबई। करीब 26 साल पहले एक ऐसी तेलुगू फिल्म रिलीज हुई थी जिसे कई भाषाओं में बनाया गया था। एक शानदार कहानी जिसने कई मेकर्स को प्रभावित किया। आठ भाषाओं में सफल होने वाली इस फिल्म का हिंदी रीमेक फ्लॉप निकला। साल 2005 तेलुगू भाषा में एक फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उस समय के बॉक्स ऑफिस नंबर्स को हिलाकर कर रख दिया था। सिर्फ 4 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 18 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। ये फिल्म इतनी पसंद की गई कि हिंदी समेत 9 भाषाओं में बनाया गया। 8 भाषा में जबरदस्त सफलता मिली लेकिन सिर्फ हिंदी में ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई। इस फिल्म का तेलुगू नाम है 'नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना'। इस नाम का हिंदी मतलब है 'अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं?'।*

## अनोखी रोमांस पर आधारित थी

प्रभुदेवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना एक्टर सिद्धार्थ, तृषा, श्रीहरी के साथ मिलकर बनाई गई थी। फिल्म में एक छोटे रोल में प्रकाश राज भी नजर आए और खुद डायरेक्टर प्रभु देवा ने कैमियो किया था। फिल्म एक अनोखी रोमांस पर आधारित थी। उस समय ऐसी कहानी कम ही देखी गई थी इसलिए इस तेलुगू वर्जन को ऑडियंस ने खूब प्यार दिया। फिल्म को IMDB पर 7.9 की रेटिंग मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की कहानी सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से प्रेरित थी। फिल्म रिलीज हुई थी तो भीड़ थिएटर के बाहर जमा होने लगी थी। ये सबूत था इस फिल्म की सफलता का। बाद में इस फिल्म को 9 भाषाओं में बनाया गया।




## रमैया वस्तावैया 2013 में हुई थी रिलीज

साल 2006 में इसी फिल्म का तमिल रीमेक रिलीज हुआ जिसका नाम था उनक्कुम एनाक्कुम, कन्नड़ में नीनेलो नानाल्ले, बंगाली में आई लव यू, मणिपुर में निंगोल थाजबा, ओड़िया में सुना चढ़ी मो रूपा चढ़ी, पंजाबी में तेरा मेरा की रिश्ता, बंगलादेशी में निसाश अमर तुमि, नेपाली में द फ्लैश बैकः फर्केरा हेर्दा, हिंदी में बनाई गई थी रमैया वस्तावैया जो साल 2013 में रिलीज हुई थी।

## हिंदी में फ्लॉप

हिंदी रीमेक रमैया वस्तावैया का रिलीज हु थी। इस फिल्म को ओरिजिनल डायरेक्टर प्रभु देवा ने ही डायरेक्ट किया था। फिल्म में गिरीश कुमार श्रुति हासन लीड रोल में थे और सोनू सूद ने निभाया था भाई का किरदार। 38 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 36 करोड़ ही कमाए थे। बॉक्स ऑफिस पर ये अकेली रीमेक फिल्म थी जो फ्लॉप हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी। हालांकि ऑडियंस ने इस फिल्म का म्यूजिक पसंद किया था।



# राजकुमार ने किया बिटिया का नामकरण...

**मुंबई।** राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेबी गर्ल की पहली झलक फैंस को दिखाई है। साथ ही बेटी के नाम से भी पर्दा हटाया है। कपल ने 15 नवंबर, 2025 को बेटी का स्वागत किया था। रविवार को उन्होंने बेटी का नामकरण किया है। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक संयुक्त पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'हाथ जोड़कर और पूरे दिल से, हम अपने सबसे बड़े आशीर्वाद से आपको मिलवा रहे हैं'। आगे उन्होंने बेटी का नाम लिखा है, 'पार्वती पॉल राव'। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेटी की पहली झलक भी हालिया पोस्ट के जरिए दिखाई है। हालांकि, कपल ने बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर की है, जिसमें पत्रलेखा और राजकुमार राव ने अपने हाथों में नन्ही परी का हाथ थाम रखा है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 के कंटेस्टेंट्स की सामने आई टेंटेटिव लिस्ट

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' का साल 2025 में दर्शक इंतजार ही करते रह गए और ये शो टेलीकास्ट ही नहीं हुआ। मगर



अब इसके प्रीमियर को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होने वाले इस शो को हर बार की तरह रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे। 'बिग बॉस तक' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' की शूटिंग जहां पहले जनवरी में शुरू होनी थी। वहीं, अब दावा किया जा रहा है कि मई में सभी एपिसोड्स शूट किए जाएंगे और जून, 2026 में इसका प्रीमियर होगा। हालांकि, अभी किस जगह पर सेट बनाना है, ये तय नहीं हुआ है। मेकर्स अभी लोकेशन को फाइनलाइज करने का काम कर रहे हैं। शो को लेकर कंटेस्टेंट्स की टेंटेटिव लिस्ट्स भी सामने आई है। 'बॉम्बे टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना और रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट इस सीजन का हिस्सा हो सकती हैं। इनके अलावा, अभिषेक बजाज, बसीर अली का भी नाम सामने आ रहा है। साथ ही ओरी, मनीषा रानी, एल्विश यादव, चुम दरंग, दिग्विजय राठी, श्रुतिका अर्जुन, अविनाश मिश्रा के भी इस शो में शामिल होने की चर्चा है। मगर कंफर्म कुछ नहीं है।



# रणवीर नहीं, विजय की दीवानी हैं सारा

**मुंबई।** 'धुरंधर' में 20 साल की सारा अर्जुन ने इतनी कम उम्र में वो मुकाम हासिल किया, जिसे पाने में स्टार्स को सालों लग जाते हैं। 'धुरंधर' की सक्सेस के बाद सारा हर जगह सुर्खियों में बनी हुई हैं। लेकिन, आप जानकर हैरान होंगे कि जिस एक्टर के साथ पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री को इतना पसंद किया जा रहा है, वो ही उनका फेवरेट स्टार नहीं, बल्कि कोई और है। दरअसल, हाल ही में सारा अर्जुन 'यूफोरिया' फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचीं। जहां सारा ने अपनी मौजूदगी से हर किसी का ध्यान खींचा। ऐसे में सारा से पूछा गया कि वो किस एक्टर की सबसे बड़ी फैन हैं? लोगों को उम्मीद थी कि वो अपने 'धुरंधर' में उनके को-एक्टर रणवीर सिंह का नाम लेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सारा ने फटाक से जवाब देते हुए कहा कि वो साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा को काफी पसंद करती हैं।

## आनंद कुमार की सुपर 30 का स्टूडेंट पहुंचा शार्क के मंच पर



**नई दिल्ली।** शार्क टैंक इंडिया के पिछले सीजन ऑडियंस के बीच जबरदस्त हिट रहे हैं। देशभर से लोग अपना नया आईडिया लेकर शार्क के पास फंडिंग के लिए पहुंचे थे। शो की सफलता देखते हुए शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 आया और आते ही हिट हो गया। इस बार शो पर आनंद कुमार की सुपर 30 से उनका एक पुराना स्टूडेंट पहुंचा है जिसने अपने बिजनेस आईडिया से शार्क को भी हैरान कर दिया। आदित्य आनंद नाम के इस शख्स ने बताया कि इन्होंने आनंद कुमार की सुपर 30 वाले बैच से अपनी पढ़ाई की थी। और अपना बिजनेस चला रहे हैं। आदित्य मुंगेर बिहार के रहने वाले हैं। आनंद कुमार के जीवन पर ही ऋतिक रोशन की फिल्म सुपर 30 बनाई गई थी। आनंद कुमार गरीब बच्चों को फ्री और कम से कम पैसों में पढ़ाते हैं। आदित्य भी एक समय में उनकी सुपर 30 का हिस्सा रहे हैं। आनंद कुमार से पढ़ने के बाद आदित्य ने IIT का एंट्रेंस एग्जाम पास किया और IIT कानपुर से अपनी पढ़ाई पूरी की।

## पांच साल पुरानी पोस्ट पर खड़ा हुआ हंगामा

**मुंबई।** एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक स्क्रीनशॉट



वायरल है, जिसमें एक लड़की भूषण कुमार और नोरा फतेही के लिंकअप पर बात कर रही है। वह कहती है, 'नोरा लग्जरी बैग, कपड़े, कार का खर्च कैसे उठा सकती हैं। वह पोस्ट में इसकी वजह भूषण कुमार के साथ उनके कथित रिश्ते को बताती है। यह पोस्ट लगभग पांच साल पुरानी है। लेकिन, हाल में भी जब इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया तो नोरा ने इस पर रिएक्शन दिया और लिखा, 'वाउ'। इस तरह कहीं ना कहीं नोरा ने इन अफवाहों पर मजाक उड़ाया है। नोरा फतेही ने अपने कॅरियर में कई हिट आइटम सॉन्ग किए हैं, जिनमें से कई उन्होंने भूषण कुमार की कंपनी टी-सीरीज के साथ किए हैं। उनका इस कंपनी के साथ लंबा प्रोफेशनल रिश्ता रहा है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

### सुरक्षागार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यतानुसार **संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06-जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019.** (RO-348)

### शिक्षक/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** लेडी वाईस प्रिंसीपल, इंचार्ज, क्लर्क, हिन्दी टाईपिंग टाईपिस्ट, हिंदी- अंग्रेजी माध्यमः एकाउंट, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स, मैथ्स, साइंस, एसएसटी, इंग्लिश पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर की आवश्यकता। **साक्षात्कार 21.01.2026 प्रातः 9:30बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.** (RO-6951)

### मुंशी/सुपरवाइजर/मैनेजर

**अति शीघ्र आवश्यकता है-** कोल्ड स्टोरेज मे कार्य करने हेतु - मुंशी/ सुपरवाइज 2 पद, मैनेजर 1, एकाउंटेंट 1 पद, कार ड्राईवर 2 पद, माली 1की आवश्यकता है, अनुभव 3 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार। **पता - बेनी कोल्ड स्टोरेज रिंग रोड नं. 3, गिरोद, रायपुर. मो. नं.9131304450.** (RO-6534)

### मास्टर टेलर

**आवश्यकता है-** एक्सपीरियंस सूट कटिंग मास्टर की आवशकता हे। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करेः **मोबाइल एवं व्हाट्सएप 9200025372 प्रवीण, 9981995372 प्रणय। शुभकामना (बुटीक, रायपुर, छत्तीसगढ़)** (RO-7389)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य एवं टेलीकॉलिंग हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है, उम्र 18-28, वेतन 10,000/- +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री **संपर्कः- 7870192397, 7796880121.** (RO-455)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** फर्नीचर स्टोर में मार्केटींग हेतु लड़के लड़कियों की और फिटर की आवश्यकता है। **सम्पर्क मोहन एक्सपोर्ट्स, राधिका नगर मेन रोड भिलाई। 9907477591.** (RO-6541)

### गार्ड/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीरचांपा, कोरबा, रायगढ़ हेतु वेल्डर, कटरफिटर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर, कम्पयूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी स्टोरकीपर, सुपरवाईजर 5वीं-ग्रेजुएट वेतन 11000 से 30000 रहना फ्री नया **पता- बस स्टैण्ड बिलासपुर 7898973405.** (RO-39659)

### सेल्समैन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** चायपत्ती के मार्केटिंग कार्य हेतु सेल्समेन जो बाहर रह सके एवं ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर छत्तीसगढ़ - 74699-80000, 0771-4075490.** (RO-6539)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है लोकल आदमी को प्राथमिकता थोड़ा पढ़ा लिखा होना चाहिए लाइसेंस पुराना होना चाहिए रायपुर लोकल चलना है एंड्राइड मोबाइल हो **संपर्क मो. 831925 4400, 9329 578 999 तेलीबांधा रायपुर** (RO-136)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 9 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 25,000/-प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें। **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.** (RO-22)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** दवा कंपनी में कार्य हेतु, आठवीं/दसवीं पढ़े लड़कियों की आवश्यकता है, दुर्ग-भिलाई निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार **संपर्कः- डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.- 96177-89223, 94255-55659** मिलने का समय- शाम 5बजे से 8बजे तक **पताः-स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग(छ.ग.)** (आरो न.-4134)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर नट-बोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता। योग्यता – पाँचवी / बारहवीं वेतन – 14,500/- से योग्यता अनुसार कार्य स्थान – बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने, रायपुर (छ.ग.) **कॉलिंग समय – सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक मो. 9827911777.** (RO-4066)

### चौकीदार/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** 500/- प्रतिदिन । चौकीदार (परिवार वाला) फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता । **सम्पर्क तापड़िया फटाका, नेमींचंद गली, तेलघानीनाका चौक, रायपुर** (RO-164)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### प्लेट मैन/फिडर

**आवश्यकता है-** मल्टीकलर ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन (कमोरी) में काम करने के लिए प्लेट मैन एवं फिडर मैन की आवश्यकता है। **सम्पर्क - 9340739151 (वेतन योग्यतानुसार) पता : आमानाका, रायपुर (छ.ग.)** (RO-135)

### मैनेजर

**Requirment-** Playzone-Raipur (C.G.), Playzone Manager, Teachers/Activity Facilitators, Support Staff Eligibility- Graduate/Freshers can apply Work Profile, Activity & workshop planning- Hobby classes, Parent interaction, Daily operations Salary: Negotiable Send CV on: WhatsApp: 7777805162. Email: connect@tumble-tales.co.in (RO-4701)

### डाटा ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** COMPUTER DATA ENTRY OPERATOR FOR ACCOUNTS LADIES PREFERRED CONTACT: HAMARA PETROL PUMP, DURG RAVI- **7879665758.** (आरो-10351)

### अकाउंटेंट

**आवश्यकता है-** अकाउंटेंट चाहिए जिसको जीएसटी एवं टैलीप्राइम अनुभव हो संपर्क करें राजा स्टील ट्रेडर्स कृष्णा टॉकीज रोड रिसाली भिलाई **बायोडाटा व्हाट्सएप करें 98261380 80.** (आरो न.-213)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### स्टोर मैनेजर

**WANTED-** Store Manager Sales Executive For Premium Luxury Designer Store Eligibility Graduate-Fashion / Design/Sales & Customer Handling with retail back-ground Location- Choubey Colony Salary-negotiable Mail or WhatsApp 7777805165. support@raahe.in (RO-4900)

### फील्ड वर्क

**आवश्यकता है-** यूनिटी कंस्ट्रक्शन वेलूवर फील्ड वर्क हेतु पुरूष उम्मीदवार की आवश्यकता है। अनुभव फ्रेशर (नए) उम्मीदवार आवेदन कर सकते है। उम्र 19से 40वर्ष **संपर्क करें:-75584-94487.** (आरो न.-212)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु ,रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री है **पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.** (RO-39664)

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा-कर्मी रसमड़ा, जोरातराई हेतू सुरक्षा गार्ड /सुपरवाइजर की आवश्यकता है सेलरी 12500/-ग्रॉस एवं 11000/- नेट पी.एफ मेडीकल की सुविधा एवं रहने की **सुविधा- MO.-8871229000, 7909857240.** (आरो-4133)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस -** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, **संपर्कः- 9311830460.** (RO-5772)

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबरः- 9350674841, 9350674841.** (RO-465)

**For Rent किराया**

**दुकान किराए से देना है-** ऊपर नीचे श्री शिवम माल के बाजू स्टेशन रोड दुर्ग में स्थित है दुकान साइज 10x25 =250 वर्गफीट नीचे 200x50 बराबर 1000 वर्गफीट ऊपर नीचे साथ ही देना है **9302606203.** (आरो न.-211)

**किराये से देना है-** किराया शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैण्ड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, कपड़ा मार्केट रोड बिलासपुर में 12×45 की शानदार दुकान किराए से देना है **सम्पर्क करें- 9827478774.** (RO-39687)

**Available उपलब्ध**

**PRODUCT AVAILABLE -** Get The Real Taste Of Kerala Snacks & Spices In Cheap rate In The Iron Melting City. Contact -J.R. TRADERS, Bhilai (Ruabandha)- Borsi Colony Road, Near Borsi Railway Gate, Borsi Bhata, Mob.- **9179883365, 9301811379** (RO-Bh.)




### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



खबर संक्षेप

### एमवे इंडिया का घाटा बढ़ा 74.25 करोड़ रुपए पहुंचा

Amway

नई दिल्ली। प्रमुख प्रत्यक्ष बिक्री कंपनी एमवे इंडिया के दस्तावेजों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में उसका कुल घाटा बढ़कर 74.25 करोड़ रुपए हो गया और परिचालन राजस्व 10.56 प्रतिशत घटकर 1,148.16 करोड़ रुपए रह गया। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 9.2 प्रतिशत घटकर 1,174.85 करोड़ रुपए रही।

### एडलवाइस लाइफ को दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस को अगले 2-3 वर्षों में दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एमडी और सीईओ सुमित राय ने कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 तक घाटे से उबर जाएगी। हम लगभग 14 साल पुराने संगठन हैं। शुरुआती साल, विशेष रूप से 2011 और 2016 के बीच समग्र जीवन बीमा उद्योग के लिए धीमी वृद्धि का दौर था। हम भी उस स्तर पर नए थे और व्यवसाय के प्रति अपने दृष्टिकोण में जानबूझकर रुढ़िवादी रहे।

आज से दावोस में डब्ल्यूईएफ की बैठक, राष्ट्रपति ट्रंप होंगे शामिल

# वैश्विक दिग्गजों के बीच भारत की दमदार दस्तक तीन हजार से अधिक नामी हस्तियां करेंगी शिरकत

एजेंसी ▶▶| दावोस

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारत एक दमदार प्रतिनिधित्व के लिए तैयार है। सोमवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर के दिग्गज एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में ''संवाद की भावना'' विषय पर चर्चा करेंगे।

सरकार, व्यापार, शिक्षा, बहुपक्षीय निकायों, नागरिक समाज और श्रम संघों के 3,000 से अधिक वैश्विक नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सबसे बड़े आकर्षण होंगे। ट्रंप अपने मंत्रिमंडल के पांच सदस्यों के साथ आ रहे हैं। भारत से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा कम से कम चार केंद्रीय मंत्रियों - अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू के साथ ही छह मुख्यमंत्रियों और देश के 100 से अधिक शीर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के शामिल होने की उम्मीद है।






### राष्ट्रपति ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ होंगे शामिल

वैश्विक नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ वहां पहुंच सकते हैं। इस वैश्विक शिखर सम्मेलन में लगभग 130 देशों के करीब 3,000 नेता शामिल होंगे, जिनमें 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष भी होंगे। भारतीय नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान कई समूह चर्चाओं में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 'क्या भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है' विषय पर एक चर्चा भी शामिल है। इसके अलावा वे द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### छह राज्यों के सीएम करेंगे शिरकत

*बैठक में शामिल होने वाले मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन शामिल हैं। जहां रेड्डी कांग्रेस पार्टी से हैं, सोरेन कांग्रेस की सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा से और नायडू भाजपा की सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी से हैं, वहीं अन्य तीन मुख्यमंत्री भाजपा से हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार (कांग्रेस) के भी वहां रहने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रियों में नायडू तेदेपा से हैं, जबकि अन्य चार भाजपा से हैं। इसके अलावा, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष रमेशभाई संघवी (भाजपा) और उत्तर प्रदेश का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दुनिया भर के अमीर और शक्तिशाली लोगों के इस वार्षिक जमावड़े के लिए दावोस की यात्रा करेंगे।*

### अंबानी, बजाज, भरतिया और सुदर्शन वेणु लेंगे हिस्सा

*पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन इरानी भी 'अलायंस फॉर ग्लोबल गुडः जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी' की संस्थापक और चेयरपर्सन के रूप में वहां मौजूद रहेंगी, जिसकी स्थापना कुछ साल पहले दावोस में ही हुई थी। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन, बजाज समूह के संजीव बजाज, जुबिलेंट भरतिया समूह के हरि एस भरतिया और टीवीएस मोटर के सुदर्शन वेणु भी शामिल होंगे। बैठक में एक्सिस बैंक के अमिताभ चौधरी, गोदरेज इंडस्ट्रीज के नादिर गोदरेज, जेएसडब्ल्यू समूह के सज्जन जिंदल, जेरोधा के निखिल कामथ, भारती समूह के सुनील भारती मित्तल, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी, इंफोसिस के सीईओ सलिल एस पारेख, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, एस्सार के सीईओ प्रशांत रुइया, पेटीएम के विजय शेखर शर्मा और रिन्यू के सीईओ सुमंत सिन्हा भी शामिल होंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी भी वहां मौजूद रहेंगे।*

बिकवाली का सिलसिला जारी

## एफपीआई ने शेयरों से निकाले 22,530 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका

अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,530 करोड़ रुपए से अधिक निकाले हैं।

यह निकासी 2025 में दर्ज की गई 1.66 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली के बाद हुई। ऐसा मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका तथा बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुआ। एफपीआई के लगातार बिकवाली के दबाव ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने एक से 16 जनवरी के बीच भारतीय इक्विटी से 22,530 करोड़ रुपए निकाले। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी के लिए वैश्विक और घरेलू कारकों को जिम्मेदार ठहराया है।

### पूंजी निकलकर जा रही दूसरे बाजारों की ओर

सेंट्रिसिटी वेल्थटेक के इक्विटी प्रमुख और संस्थापक पार्टनर सचिन जसुजा ने कहा, 'बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और मजबूत डॉलर ने विकसित बाजारों में जोखिम समायोजित प्रतिफल में सुधार किया है। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रधान प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़े हुए अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर की मजबूती ने अमेरिकी संपत्तियों को तुलनात्मक रूप से अधिक आकर्षक बना दिया है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक और व्यापार संबंधी अनिश्चितताएं उभरते बाजारों के प्रति निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित कर रही हैं।

## घाटे से बाहर आईं बिजली वितरण कंपनियां, 2,700 करोड़ रुपए से अधिक का मुनाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा दे सके और 'विकसित भारत' की यात्रा में अपना योगदान दे

देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने कई वर्षों तक लगातार घाटा उठाने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से 2,701 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राज्य बिजली बोर्डों के पुनर्गठन और निगमीकरण के बाद से ही वितरण कंपनियां घाटे में चल रही थीं। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में इन कंपनियों को 25,553 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2013-14 में 67,962 करोड़ रुपए का भारी घाटा हुआ था।

वित्त वर्ष 2024-25 के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा बिजली वितरण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का परिणाम है। मंत्री ने कहा, 'भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति को गति दे रहा है और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।'' उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है ताकि बिजली क्षेत्र भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा दे सके और 'विकसित भारत' की यात्रा में अपना योगदान दे सके।

### भारत का नया रिकॉर्ड, 24% की जबरदस्त ग्रोथ के साथ 63 लाख गाड़ियां भेजीं विदेश

नई दिल्ली । वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल भारत से कुल निर्यात 24.1 प्रतिशत बढ़कर 63,25,211 इकाई हो गया, जबकि 2024 में यह 50,98,474 इकाई था। इस दौरान यात्री वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 8,63,233 इकाई रहा, जो 2024 में 7,43,979 इकाई था। उपयोगिता वाहनों का निर्यात पिछले साल सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4,27,219 इकाई रहा।

**ठंड में बढ़ी तेल की मांग कीमतों में उछाल : नई दिल्ली।** विदेशों में बाजार मजबूत रहने, रुपये के दाम में आई गिरावट तथा जाड़े के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे। सूरजमुखी, मूंगफली जैसे तिलहन के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे ही बने हुए हैं।

आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
HMS ARSH-RAHAT
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईया है? आंखो पर काले घेरे है?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG, 2D-Echo, TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरवा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
मो. 94252-14479 0771-4020411
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
www.makeoverraipur.com

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीघ्र पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह/पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

### स्वदेशी जागरण मंच ने सिगरेट की तस्करी बढ़ने पर दी चेतावनी

नई दिल्ली। स्वदेशी जागरण मंच ने चेतावनी दी कि विदेशी सिगरेटों की बढ़ती तस्करी सरकारी राजस्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य, दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्वनी महाजन ने बताया कि हानिकारक वस्तुओं पर उच्च करों का ऐतिहासिक नतीजा कालाबाजारी बढ़ने के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि वैध उत्पादों की कीमतें बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण पैदा हुए अंतर को तस्करी के उत्पादों से भरा जा रहा है।

## 'अरविंद इंडस्ट्रियल हाईजिन लैब' बनी देश की पहली एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैब




रायपुर। अरविंद इंडस्ट्रियल हाईजिन लैब के अंतर्गत टैगोर नगर स्थित 'श्रीअरविंद टेस्टिंग एवं रिसर्च लैब' श्वसन योग्य धूल में मौजूद क्रिस्टलाइन सिलिका की जांच के लिए एनएबीएल से मान्यता प्राप्त करने वाली देश की पहली प्रयोगशाला बन गई है।

इस संस्थान की स्थापना भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश वर्मा ने की है। औद्योगिक स्वच्छता और श्रमिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्हें 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनके 30 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। संस्थान का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों में स्वास्थ्य मानकों को मजबूत करना और वैज्ञानिक परीक्षणों के माध्यम से सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करना है।

### पर्सनल ब्रीदिंग ज़ोन सैम्पलर की सुविधा

लैब में सिलिका के सूक्ष्म कणों की जांच के लिए एफटीआईआर जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही श्रमिकों के कार्यस्थल पर वास्तविक संपर्क को मापने के लिए पर्सनल ब्रीदिंग जोन सैम्पलर की सुविधा भी उपलब्ध है। एनएबीएल मान्यता मिलने के बाद अब इस लैब की परीक्षण रिपोर्ट 50 से अधिक देशों में मान्य होगी, जिससे उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करने और कानूनी अनुपालन में बड़ी राहत मिलेगी। इस उपलब्धि में डॉ. अविनाश वर्मा के साथ उनकी विशेषज्ञ टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। टीम के सदस्य विनोद मिश्रा, टिकेश चंद्राकर,सुनील बाजपेयी एवं आदित्य वर्मा ने तकनीकी और संचालन स्तर पर अहम भूमिका निभाई।



# सबालेंका और अल्काराज ने बनाई दूसरे दौर में जगह, रिकॉर्ड बनाकर हारी वीनस

## ऑस्ट्रेलियाई ओपनः लेवर और फेडरर दर्शकों के बीच रहे उपस्थित

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी एरीना सबालेंका और पुरुष वर्ग में पहली वरीयता प्राप्त अल्काराज रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का नया रिकार्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल करके तियांतसोआ राकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे।



### महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर

महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में ही बाहर का रास्ता देखना पड़ा। एल्सा जैक्वेमोट ने नंबर 20 मार्टा कोस्त्युक को 6-7 (4), 7-6 (4), 7-6 (7) से बाहर किया जबकि तुर्की की क्वालीफायर ज़ेनेप सोनमेज़ ने नंबर 11 एकातेरिना एलेक्सांद्रोवा को 7-5, 4-6, 6-4 से उलटफेर का शिकार बनाया।

### वीनस बनीं सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 45 साल की उम्र में महिला एकल का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है लेकिन उन्हें तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा डैनलोविच से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रिकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा। पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी गैब्रियल डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं।

### जैस्मीन को नहीं हुई मैच जीतने में परेशानी

महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्हें ब्रिटिश क्वालीफायर आर्थर फेरी ने 7-6 (7), 6-4, 6-1 से हराया।

### टियाफो ने कुबलर को दी मात

पुरुषों के वर्ग में ही नंबर 29 फ्रांसेस टियाफो ने जेसन कुबलर को 7-6 (4), 6-3, 6-2 से और माइकल झेंग ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 6-4, 3-6, 6-7 (0), 6-3 से हराया। महिला वर्ग में नंबर 12 एलिना स्वितोलिना ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मारिया सकारी ने लियोलिया जीनजीन पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने पहले दौर के मैच से पूर्व कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। इससे क्वालीफाइंग राउंड में खेल चुकी टेलर टाउनसेंड को मुख्य ड्रॉ में जगह मिल गई, जहां उनका सामना हैली बैपटिस्ट से हुआ। अमेरिका की दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए इस मुकाबले में बैपटिस्ट 6-3, 6-7 (3), 6-3 से विजयी रहीं।

## खबर संक्षेप

### बीडब्ल्यूएफ जारी रखेगा 'टाइम क्लॉक' ट्रायल

**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) अगले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स में 25 सेकेंड की 'टाइम क्लॉक' का परीक्षण करेगा। उसकी यह पहल चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंट में जारी रहेगी, जिसका उद्देश्य रणनीतिक देरी पर अंकुश लगाना और मैच की लय को मानकीकृत करना है। हालांकि इस कदम पर खिलाड़ियों और कोच की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इस प्रणाली के तहत जैसे ही अंपायर स्कोर अपडेट करता है, 'टाइम क्लॉक' शुरू हो जाती है। सर्व करने वाला खिलाड़ी और रिसीवर, दोनों को 25 सेकेंड के भीतर सर्व और रिसीव के लिए तैयार होना अनिवार्य होता है।

### आईएसपीएल ने की श्रीनगर फ्रेंचाइजी के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित



**मुंबई।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी श्रीनगर के वीर के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी का टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। वह पहले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि दूसरे सत्र में उपविजेता रही थी। इस लीग का संचालन एक कोर कमेटी करती है, जिसमें सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज सामत आदि शामिल हैं। इस लीग में अमिताभ बच्चन (माझी मुंबई), सलमान खान (दिल्ली सुपरहीरोज), अजय देवगन (अहमदाबाद लायंस), सौरव गांगुली, सैफ अली खान और करीना कपूर खान (टाइगर्स ऑफ कोलकाता), ऋतिक रोशन (बेंगलुरु स्ट्राइकर्स), सूर्या (चेन्नई सिंगम्स) और राम चरण (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद) सहित कई मशहूर हस्तियां भी फ्रेंचाइजी के सह-मालिक हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी के सह स्वामित्व के लिए बोलियां 31 जनवरी को बंद हो जाएंगी।

### अंडर आर्म सर्विस करके माउटेट ने खींचा ध्यान



**मेलबर्न।** कोरेंटिन माउटेट ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को मैच प्वाइंट पर अंडरआर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। किआ एरिना में मौजूद दर्शकों ने उनकी हूटिंग भी की, लेकिन 32वीं वरीयता प्राप्त माउटेट विचलित नहीं हुए। फ्रांस के इस खिलाड़ी ने बाद में कहा कि उन्होंने ट्रिस्टन स्कूलकेट पर 6-4, 7-6 (1), 6-3 की जीत हासिल करने के लिए जो करना था, वह किया। उन्होंने कहा कि सर्विस करने का उनका यह तरीका योजनाबद्ध होने के बजाय सहज प्रवृत्ति पर आधारित था। माउटेट ने कहा, 'मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अंक हासिल कर सकता हूं और आखिर में मैं अंक हासिल करने में भी सफल रहा।

## कीवी टीम ने 41 रन से जीता मैच, श्रृंखला 2-1 से की अपने नाम

# न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक कामयाबी, 37 साल बाद भारत में जीती वनडे सीरीज

**इंदौर।** बल्लेबाज विराट कोहली (124 रन) का 54वां वनडे शतक भी भारतीय टीम के काम नहीं आ सका, जिससे न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (137 रन) और ग्लेन फिलिप्स (106 रन) के शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम क्रिकेट मैच में 41 रन की जीत से श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

न्यूजीलैंड के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि उसने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मुकाबलों के लिए भारत का दौरा शुरू किया था लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती थी। इस जीत से उसने 37 साल बाद भारत में श्रृंखला जीतने का इंतजार खत्म किया।




### न्यूजीलैंड की टीम ने खड़ा किया 337 रन का मजबूत स्कोर

भारत के तेज गेंदबाजों के शुरुआती झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड ने मिचेल के लगातार दूसरे शतक और फिलिप्स के तूफानी सैकड़े से आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कोहली (108 गेंद) का दबाव में खेला गया शानदार और जुझारू शतक भारतीय टीम के काम नहीं आ सका, जिससे टीम जवाब में 46 ओवर में 296 रन पर ढेर हो गई। इससे भारत को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से पहली द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में हार का मुंह देखना पड़ा। दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे लेकिन कोहली डटे रहे और पारी के अंत में आउट हुए। न्यूजीलैंड के लिए जैकरी फोक्स ने 77 रन देकर तीन और क्रिस्टियन क्लार्क ने 54 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं जेडन लेनोक्स ने 42 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

### कोहली ने लगाया 54 वनडे शतक पोंटिंग-सहवाग का तोड़ा रिकॉर्ड

दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने वनडे करियर का 54वां शतक पूरा कर लिया है।



उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में 91 गेंद पर शतक लगाया। एक छोर से टीम इंडिया के विकेट गिरते गए लेकिन दूसरे छोर से विराट डटे रहे और पारी को संभालते रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ वह सबसे ज्यादा 7 वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने वडोदरा में पहले वनडे में भी 93 रन की पारी खेली थी। वहां वह शतक से चूके थे लेकिन इंदौर में उन्होंने पारी को संभाले रखा और बेहतरीन शतक जड़ा। वह अब न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने के मामले में नंबर 1 बने। उन्होंने रिकी पोंटिंग और वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ा। विराट कोहली का यह इंटरनेशनल करियर का 85वां शतक है।

### मिचेल-फिलिप्स ने की 219 रन की साझेदारी

मिचेल और फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए 188 गेंद में 219 रन की साझेदारी करके पारी की पूरी तस्वीर बदल दी। मिचेल (131 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) ने संयम और नियंत्रण के साथ पारी को संभाला जबकि फिलिप्स (88 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) ने आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई, जिससे सतर्क शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड की पारी का रूख ही बदल गया।

### भारत ने 71 रन पर खोए चार विकेट

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 71 रन पर चार विकेट खो दिए थे। फिर कोहली और नीतिश कुमार रेड्डी (53 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 88 गेंद में इतने ही रन की साझेदारी निभाई। कोहली ने लेनोक्स पर एक रन लेकर अर्धशतक पूरा किया तो वहीं नीतिश ने ग्लेन फिलिप्स पर काउ कॉर्नर पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर चार गेंद बाद ही क्रिस्टियन क्लार्क की गेंद को पुल करने की कोशिश में यंग को कैच थमा बैठे। रोहित शर्मा (11 रन) ने पारी की पहली ही गेंद पर चौका जड़कर फिर शानदार अंदाज में शुरूआत की। दूसरे छोर पर कप्तान शुभमन गिल भी शॉट लगाकर अच्छी लय में दिख रहे थे।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक

- 7 – विराट कोहली (36 पारी)*
- 6 – रिकी पोंटिंग (50 पारी)
- 6 – वीरेंद्र सहवाग (23 पारी)
- 5 – सचिन तेंदुलकर (41 पारी)
- 5 – सनथ जयसूर्या (45 पारी)

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कॉनवे का रोहित बो राणा | 05 | 4 | 1 | 0 |
| निकोल्स बो अर्शदीप | 00 | 1 | 0 | 0 |
| विल यंग का जडेजा बो राणा | 30 | 41 | 5 | 1 |
| डेरिल मिचेल का कुलदीप बो सिराज | 137 | 131 | 15 | 3 |
| ग्लेन फिलिप्स का राहुल बो अर्शदीप | 106 | 88 | 9 | 3 |
| माइकल ब्रेसवेल नाबाद | 28 | 18 | 1 | 3 |
| मिचेल हे पगबाधा बो कुलदीप | 02 | 6 | 0 | 0 |
| फॉक्स का कुलदीप बो अर्शदीप | 10 | 8 | 1 | 0 |
| क्लार्क बो हर्षित राणा | 11 | 5 | 1 | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 50 ओवर में आठ विकेट पर 337 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 10-1-63-3, हर्षित राणा 10-0-84-3, मोहम्मद सिराज 10-0-43-1, नीतिश कुमार रेड्डी 8-0-53-0, कुलदीप यादव 6-0-48-1, रविंद्र जडेजा 6-0-41-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का क्लार्क बो फोक्स | 11 | 13 | 2 | 0 |
| गिल बो जैमीसन | 23 | 18 | 4 | 0 |
| कोहली का मिचेल बो क्लार्क | 124 | 108 | 10 | 3 |
| अय्यर का फोक्स बो क्लार्क | 03 | 10 | 0 | 0 |
| राहुल का फिलिप्स बो लेनोक्स | 01 | 6 | 0 | 0 |
| रेड्डी का यंग बो क्लार्क | 53 | 57 | 2 | 2 |
| जडेजा का यंग बो लेनोक्स | 12 | 16 | 0 | 0 |
| राणा का निकोल्स बो फोक्स | 52 | 43 | 4 | 4 |
| सिराज का हे बो फोक्स | 00 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 05 | 3 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 04 | 2 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 46 ओवर में 296 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी : काइल जैमीसन 9-0-58-1, जैकरी फोक्स 9-0-77-3, क्रिस्टियन क्लार्क 9-0-54-3, जेडन लेनोक्स 10-0-42-2, डेरिल मिचेल 1-0-10-0, ग्लेन फिलिप्स 8-0-54-0

## मुंबई मैराथन

### इथियोपियाई धावकों का दबदबा अबाते और येशी ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई मैराथन में एक बार फिर इथियोपियाई धावकों का दबदबा देखने को मिला, जिसमें ताडु अबाते देमे और येशी कलायू चेकोले ने क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग के खिताब अपने नाम किए। अबाते ने पुरुष एलीट वर्ग में दो घंटे नौ मिनट 55 सेकंड का समय लेकर जीत दर्ज की, जबकि उनकी हमवतन येशी ने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। मुंबई मैराथन में 21 चरणों में यह सातवीं बार है जब इथियोपियाई धावकों ने पुरुष और महिला दोनों खिताब एक साथ जीते हैं। पुरुष एलीट रेस में कीनिया के लियोनार्ड किपरोतिच लंगाट (2:10:10) दूसरे और इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे वेल्डेमारियम (2:10:22) तीसरे स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में इथियोपियाई धावकों ने क्लीन स्वीप किया। किडसान अलेमा गेब्रेमेधिन (2:27:35) दूसरे और गोज्जाम त्सेगाये एनीयू (2:28:27) तीसरे स्थान पर रहीं।

### भारतीय महिला एलीट वर्ग में संजीवनी ने जीता खिताब

भारतीय महिला एलीट वर्ग में संजीवनी जाधव ने 2:49:02 के समय के साथ खिताब जीता। निर्माबिन ठाकोर (2:49:13) दूसरे और सोनम (2:49:24) तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय एलीट पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष तीन धावकों को क्रमशः पांच लाख रुपए, चार लाख रुपए और तीन लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। विश्व एथलेटिक्स रोड रेस गोल्ड लेबल प्रतियोगिता मुंबई मैराथन इस साल नए रूट पर आयोजित की गई। पहली बार धावकों को नव-निर्मित मुंबई कोस्टल रोड और प्रतिष्ठित बांद्रा-वर्ली सी लिंक से होकर दौड़ने का अनुभव मिला।

## टाटा स्टील मास्टर्स

### एरिगैसी ने 32 चालों में जीता गेम, प्रज्ञाननंदा को हराया



एजेंसी ▶▶ विज्क आन जी

शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव को हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया।

- गुकेश ने सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में खेला ड्रॉ

### चिदंबरम ने ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ की शुरुआत

इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने भी जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ शुरुआत की। अन्य मुकाबलों में तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमस ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव के साथ जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन के साथ ड्रॉ खेला।

### बढ़त पर एरिगैसी, कीमर और नीमन

पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं। अपने मित्र प्रज्ञाननंदा के खिलाफ एरिगैसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञाननंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी, जिससे उनका राजा बीच में फंस गया, जिसका एरिगैसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया। गुकेश भी जीत के करीब पहुंच गए थे लेकिन सफेद मोहरों से खेल रहे सिंदारोव के खिलाफ अपनी मजबूत स्थिति को जीत में तब्दील नहीं कर सके। यह दिन का सबसे लंबा मुकाबला था, जो 78 चाल में ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

### इंग्लैंड के पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों को मिला वीजा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले पाकिस्तान मूल के सभी 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा संबंधी औपचारिकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाया है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तान मूल के क्रिकेटरों में स्पिनर आदिल राशिद, रेहान अहमद और तेज गेंदबाज साकिब महमूद शामिल हैं। अमेरिका की टीम में अली खान और शायन जहांगीर तथा नीदरलैंड की टीम में जुल्फिकार साकिब जैसे पाकिस्तानी मूल के कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ियों राशिद, रेहान और साकिब के वीजा आवेदन पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। नीदरलैंड की टीम के सदस्यों और कनाडा के सहयोगी स्टाफ के सदस्य शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल चुका है। संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, इटली, बांग्लादेश और कनाडा की टीम में शामिल पाकिस्तानी राष्ट्रीयता या पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है।

# इंडिया ओपन चैंपियनः लिन चुन यी और आन से यंग ने जीता खिताब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया।



### आन से यंग का दबदबा कायम

महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झियी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। युगल स्पर्धा में लियू शेंगशु और टैन निंग की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला जोड़ी ने 58 मिनट तक चले महिला युगल फाइनल में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त युकी फुकुशिमा और सायका मात्सुमोतो पर 21-11, 21-18 से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया।

## विदर्भ ने खड़ा किया 317 रन का विशाल स्कोर, सौराष्ट्र को 38 रन से हराया

# विजय हजारे ट्रॉफी पर पहली बार विदर्भ का कब्जा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

विदर्भ ने अथर्व तायडे के शानदार शतक और अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत रविवार को सौराष्ट्र को 38 रन से हराकर पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीता।

विदर्भ ने तायडे के 128 रन (118 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) की मदद से 317 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम 48.5 ओवर में 279 रन पर ऑल आउट हो गई। सौराष्ट्र ने 30 रन पर दो विकेट गिरने के बावजूद काफी देर तक संघर्ष किया। पर वह जल्द ही 22.4 ओवर में चार विकेट पर 112 रन हो गया। सौराष्ट्र के लिए प्रेरक मांकड़ (88) और चिराग जानी (64) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी थी। उनकी भागीदारी में विदर्भ के खराब क्षेत्ररक्षण से भी काफी मदद मिली। बीच के ओवरों में विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने कुछ कैच छोड़े।

### अथर्व तायडे ने जड़ा शानदार शतक




### मांकड़ के आउट होने के बाद सौराष्ट्र की उम्मीद खत्म

मांकड़ को 70 रन पर हर्ष दुबे की गेंद पर मिड-विकेट पर जीवनदान मिला और जानी का कैच तक छूटा जब वह 14 रन पर थे, जिससे सौराष्ट्र मैच को उम्मीद से कहीं ज्यादा देर तक खींचने में कामयाब रहा। लेकिन आखिरकार मांकड़ के आउट होने के साथ ही उम्मीद की किरण खत्म हो गई। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बाएं हाथ के स्पिनर दुबे (59 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर कट करने की कोशिश की लेकिन पगबाधा आउट हो गए। तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे ने जल्द ही जानी को आउट कर दिया। इसके बाद तेज गेंदबाज यश ठाकुर (50 रन देकर चार विकेट) और नचिकेत भुते (46 रन देकर तीन विकेट) ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट कर विदर्भ की यादगार रात का समापन किया।

## क्या है उनाकोटी मंदिर की 99 लाख 99 हजार 999 मूर्तियों का रहस्य



**अगरतला।** भारत के त्रिपुरा में स्थित उनाकोटी मंदिर को बेहद रहस्यमयी माना जाता है। इस मंदिर में कुल 99 लाख 99 हजार 999 पत्थर की मूर्तियां हैं, जिनके रहस्य से अभी तक पर्दा नहीं उठाया जा सका है। भारत में कई मंदिर हैं, जिन्हें रहस्यमयी माना जाता है। इन मंदिरों के रहस्य से अभी तक पर्दा नहीं उठ पाया है। ऐसा ही एक मंदिर है, जहां कुल 99 लाख 99 हजार 999 पत्थर की मूर्तियां हैं। इस मंदिर के रहस्य को कई विद्वानों ने सुलझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस मंदिर की 99 लाख 99 हजार 999 मूर्तियां रहस्य है। इन पत्थर की मूर्तियों को किसने बनाया? कब और क्यों बनाई गईं ये मूर्तियां।

उनाकोटी मंदिर के बारे में मान्यता है कि एक बार भगवान शिव एक करोड़ देवी-देवताओं के साथ कहीं पर जा रहे थे। सभी देवी-देवता सो गए। सुबह जब भगवान शिव उठे, तो सभी देवी देवता अभी सो ही रहे थे। शिव जी ने क्रोधित होकर श्राप दे दिया और सभी देवी-देवता पत्थर के बन गए। 99 लाख 99 हजार 999 मूर्तियों की यही वजह है।

# ग्रीस में मिला खजाने से भरा हुआ प्राचीन काल का मंदिर

ग्रीस के एविया द्वीप पर पुरातत्वविदों को एक बेहद पुराना और अनजाना ग्रीक मंदिर मिला है। यह सोने-चांदी के गहनों और कीमती चीजों से भरा हुआ है। यह मंदिर करीब 2700 साल पुराना बताया जा रहा है।

**एथेंस।** ग्रीस में मिले अवशेष बताते हैं कि यह जगह सिर्फ पूजा का नहीं, बल्कि बहुत लंबे समय तक धार्मिक गतिविधियों का केंद्र रही है। ग्रीस के संस्कृति मंत्रालय की जानकारी के अनुसार यह खोज अमरिसिया आर्टेमिस के मशहूर मंदिर के पास हुई है। खुदाई का काम 2023 में पूरा हुआ था। अब इसके नतीजों को सार्वजनिक किया गया है। शोधकर्ताओं की टीम को यहां एक ऐसा मंदिर मिला, जिसकी जानकारी पहले कहीं दर्ज नहीं थी।

बता दें, यह मंदिर ग्रीस के दूसरे सबसे बड़े द्वीप एविया पर मिला है। यह जगह अमरिसिया आर्टेमिस मंदिर के काफी पास है। नया मिला मंदिर लगभग 100 फीट लंबा है, जो उस दौर के ग्रीक मंदिरों के आकार से मेल खाता है। मंदिर की बाहरी दीवारें और पश्चिम दिशा में बना एक मेहराब अब भी साफ दिखाई देता है।



### राख से भरे चूल्हे

मंदिर के अंदर कई ऐसे ढांचे मिले हैं जिन्हें आग जलाने और पूजा के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इनमें से एक वेदी घोड़े की नाल जैसी आकार की है, इसे सबसे अलग मानी जा रही है। इन वेदियों में मोटी परत में राख मिली है, जिसमें जली हुई हड्डियां भी पाई गई हैं। इससे साफ होता है कि यहां लंबे समय तक पूजा और बलि दी जाती रही होगी। कुछ वेदियां मंदिर बनने से भी पुरानी हो सकती हैं।

### कीमती गहनों का खजाना

खुदाई के दौरान टीम को सिर्फ पूजा से जुड़ी चीजों के साथ, बल्कि काफी कीमती खजाना भी मिला। यहां सोने, चांदी, मूंगा और एंबर से बने गहने मिले हैं। इसके अलावा पूर्वी देशों से आए ताबीज, कांसे और लोहे के सामान भी पाए गए। साथ ही अलबास्टर के बर्तन, एथेंस शैली के फूलदान और स्थानीय पूजा के घड़े भी मिले हैं।

### मंदिर से भी पुराने सबूत

मंदिर के सबसे पुराने हिस्सों में छोटी मूर्तियां मिली हैं। इनमें बैल और मेढ़े की आकृतियां हैं। इसके अलावा मायसीनियन दौर का मिट्टी का बना बैल का सिर भी मिला है। जांच में यह भी पता चला है कि इस जगह पर मंदिर बनने से पहले भी इमारतें मौजूद थीं।

### पुराने किलेबंदी के निशान

मंदिर वाली पहाड़ी पर आगे की खुदाई में तांबे के शुरुआती दौर की बड़ी दीवारें भी मिली हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये दीवारें किसी प्राचीन बस्ती की सुरक्षा के लिए बनाई गई थीं। इससे साफ होता है कि यह जगह हजारों साल तक इंसानों की गतिविधियों का केंद्र रही है। बता दें कि पुरातत्वविदों का कहना है, खुदाई अभी जारी है और जैसे-जैसे नीचे की परतें खुलेंगी इस जगह के इतिहास से जुड़े और भी बड़े राज सामने आ सकते हैं। भले ही ज्यादातर गहने मिल चुके हों, लेकिन यह स्थल प्राचीन ग्रीक सभ्यता को समझने के लिए बेहद अहम साबित हो रहा है।

## मालिक की हो चुकी मौत, फिर भी कुत्ता हर रोज करता है लौटने का इंतजार



चीन की एक घटना ने लोगों को हैरान भी किया है और ये साबित भी कर दिया है कि कुत्ते सच में कितने वफादार होते हैं। दरअसल, यहां एक कुत्ता अपने मालिक की मौत से अनजान पिछले कई दिनों से उसका इंतजार कर रहा है। दरअसल, चीन में एक पालतू कुत्ता हफ्तों से अपने मालिक के घर के बाहर उसका इंतजार कर रहा है, क्योंकि उसे पता नहीं है कि उसकी मालिक की मौत हो चुकी है। हैरानी की बात तो ये है कि वो इतने गम में डूबा हुआ है कि ठीक से खाना भी नहीं खाता। इस कुत्ते की वफादारी ने सोशल मीडिया यूजर्स का दिल जीत लिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कुत्ते की मार्मिक कहानी की तुलना साल 2009 में आई फिल्म 'हाचीः ए डॉग्स टेल'से की गई है, जो जो 1920 के दशक में घटी जापान की एक सच्ची घटना से प्रेरित है।




## 1 दिन में 100 जिंदा कीड़े खाता है लड़का, पॉपकॉर्न जैसा स्वाद!

दुनिया में कई अलग-अलग किस्म की डिशेज खाई जाती हैं। कुछ इतनी स्वादिष्ट और अनोखी होती हैं कि लोग सिर्फ उसे खाने के लिए दूसरे शहर, राज्य या देश तक पहुंच जाते हैं। पर कई इतनी घिनौनी होती हैं कि आपको उनके बारे में सुनकर ही हैरानी होगी। दरअसल, लोग अपने टेस्ट और पसंद के हिसाब से ही खाना खाते हैं। किसी को छोले-चावल खाना पसंद हो सकता है तो किसी को पिज्जामगर एक लड़के को इन सबसे से बेहद अलग किस्म की डिश पसंद है। ये अमेरिकी लड़का बग यानी कीड़े खाता है। वो भी 1 दिन में 100 कीड़े! उसका कहना है कि इन कीड़ों का स्वाद बटर पॉपकॉर्न जैसा होता है। यही नहीं, उसे कीड़ों का जीभ पर रेंगने का



एहसास बहुत अच्छा लगता है। एक रिपोर्ट के अनुसार शिकागो के रहने वाले 26 साल के कार्लोस का टेस्ट बड़ा ही अजीब है। उन्हें कीड़े खाना पसंद है, जिन्हें मीलवर्म्स कहते हैं। उन्होंने बताया कि वो डेली 100 मीलवर्म्स चबा जाते हैं।

### पार्टनर को होती है चिंता

हाल ही में कार्लोस, 'माय स्ट्रेंज एडिक्शन'शो का हिस्सा भी बने, जिसमें उन्होंने अपने शौक के बारे में बात की। उनका कहना है कि कीड़ों में कॉकरोच भी उन्हें काफी पसंद आते हैं। उनके अंदर का हिस्सा कस्टर्ड जैसा लगता है। कार्लोस यूं तो बेरोजगार हैं, मगर उनकी पार्टनर एश्ली, जिनसे उनकी एक बेटी भी है, इस हरकत के चलते बेहद परेशान रहती हैं। उन्हें कार्लोस की सेहत की चिंता होती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com